''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 14 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 14 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## लोहड़ी पर्व पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा हल्का के नागरिकों को दी 10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**मुख्यमंत्री ने लाडवा में मनाया लोहड़ी पर्व, पंजाबी और हरियाणवी धुनों ने पर्व को बनाया यादगार**

**मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्यों ने लोहड़ी की अग्नि में डाली आहुती**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा हल्के में लोहड़ी का त्यौहार मनाया और हल्का के नागरिकों को 10 करोड़ 42 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने लाडवा हल्का के विकास के लिए 4 करोड़ 70 लाख के विकास कार्यों, गांव बीड मथाना में 2 करोड़ 72 लाख सामुदायिक केन्द्र के लिए, गांव रामशरण माजरा में सामुदायिक केन्द्र के लिए 3 करोड़ का बजट देने की घोषणा की। इस राशि में से 8 करोड़ 12 लाख का बजट जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही 15 सड़कों का नवीनीकरण का कार्य पूरा हो चुका है और शेष सडक्रों का निर्माण कार्य मौसम ठीक होने के बाद शुरू कर दिया जाएगा।

पूर्व राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने लाडवा विधानसभा के लोगों के लिए लोहड़ी पर्व का आयोजन किया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। इस पर्व की परंपरा को निभाते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली व पूर्व राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने पूजा-अर्चना की और मंत्रौच्चारण के बीच लोहड़ी की अग्नि में आहुती डाली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में नई खुशियां और उमंग लेकर आए। आज हम सब मिलकर लोहड़ी का पावन पर्व मना रहे हैं। यह पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। यह त्यौहार न केवल हमें खुशियां बांटने का अवसर देता है, बल्कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और अपने पूर्वजों को याद करने का भी मौका देता है। कल मकर संक्रांति का पर्व भी है, इन दोनों पर्व लोहड़ी और मकर संक्रांति की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह आयोजन समाज में प्रेम-प्यार और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देने में सफल रहेगा।

उन्होंने कहा कि लोहड़ी हमारे सामाजिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह त्योहार हमें एक-दूसरे के करीब लाता है और हमारे बीच भाईचारा बढ़ाता है। इस दिन लोग एक साथ मिलकर खाना बनाते हैं, गाते हैं, नाचते हैं और एक-दूसरे को उपहार देते हैं। इस तरह यह पर्व एकता, भाईचारे और समर्पण की भावना को भी प्रेरित करता है। भारत एक ऐसी भूमि है,जहां विविधता में एकता देखने को मिलती है। लोहड़ी हमारी सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाला एक प्रमुख पर्व है।

इस लोहड़ी पर्व पर पंजाबी गायिक सुनीता दुआ सहगल और उनकी टीम के सदस्यों ने पंजाबी लोक गीतों ने समां बांधने का काम किया। हरियाणवी व पंजाबी लोक गीतों व वाद्य यंत्रों ने लाडवा के लोहड़ी पर्व को ऐतिहासिक व यादगार बनाने का काम किया।

## धुंध व कोहरे के मौसम के दृष्टिगत सावधानी बरतें आमजन : डीसी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने मौसम में सुबह व शाम को कोहरे के दृष्टिगत सडक्रसुरक्षा बनाये रखते हुए सावधानी रखने का आह्वान किया है। डीसी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वाहन का उपयोग करते हुए सावधानी बरते। डीसी ने कहा कि धुंध के मौसम में विजिबलिटी कम हो जाती है जिससे हादसे होने का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने आमजन को धुंध के मौसम में विशेष सावधानी बरतने का आवाहन करते हुए कहा कि इस दौरान ड्राइविंग से पहले मौसम के पूर्वानुमान की निगरानी करने के बाद ही गंतव्य के लिए प्रस्थान करें। उन्होने कहा कि धुंध में एहतियाती उपायों से आप स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रखेंगे। उन्होने कहा कि जितना अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाएंगे, उतना ही सफर सुरक्षित होगा। डीसी ने कहा कि वाहन चालकों को आगे जाने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए और फॉग लाइट्स व इंडीकेटर्स को लगातार ऑन रखना चाहिए। इसके साथ-साथ लो-बीम पर हेड-लाइट्स के साथ ड्राइव करें, क्योंकि हाई-बीम धुंध व कोहरे में बैक रिफ्लेक्ट कर विजिबलिटी को बाधित करती है। धुंध के दौरान लेन बदलने व ट्रैफिक क्रॉस करने से बचे। उन्होंने कहा कि विजिबलिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सडक्रपर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहनों की गति सीमा नियंत्रित रखे व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया दादूपुर नलवी पर आए हाईकोर्ट के फैसला का स्वागत

**कहा- नहर के डी-नोटिफिकेशन को रद्द करके कोर्ट ने बीजेपी की नीतियों पर जड़ा करारा तमाचा**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दादूपुर-नलवी नहर के डी-नोटिफिकेशन कानून 101-ए को असंवैधानिक करार देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट का यह फैसला बीजेपी सरकार सरकार की नीतियों पर करारा तमाचा है। इस फैसले से यह साफ हो गया है कि भाजपा ने जानबूझकर किसानों और पूरे प्रदेश को नुकसान पहुंचाने के मकसद से प्रदेश की सबसे बड़ी वाटर रिचार्ज नहर को डी-नोटिफाई किया था। कांग्रेस सरकार के समय शुरू की गई यह एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी परियोजना थी। इसलिए बीजेपी द्वारा इस परियोजना को बंद करने के फैसले का कांग्रेस पहले दिन से ही विरोध कर रही थी। अब कोर्ट के सामने भी बीजेपी पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस सरकार के दौरान 2004-05 में दादूपुर-नलवी नहर का काम शुरू हुआ था। इसके लिए 50 किलोमीटर तक 1026 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हुआ था। साल 2008-09 में इस नहर में पानी भी चालू हो गया था। साल 2017 तक नहर में पानी चालू रहा। इसने ना सिर्फ किसानों की जमीन को सींचा, बल्कि भूमि का जलस्तर भी बढ़ाया। लेकिन प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि करीब 10 साल से चलती आ रही नहर को सरकार ने बंद कर दिया। बीजेपी ने साल 2018 में इस परियोजना को रद्द करने का फैसला लिया। इतना ही नहीं सरकार ने नहर की मिट्टी तक को उठाकर बेच दिया। बीजेपी के इस फैसले के खिलाफ किसानों में भारी रोष था और वह लगातार आंदोलनरत थे। बावजूद इसके सरकार ने किसानों की एक नहीं सुनी। लेकिन अब कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी को कुछ सबक सिखना चाहिए और उसे जल्द से जल्द किसानों की बकाया मुआवजा राशि देनी चाहिए।

## स्वामी विवेकानन्द स्वामी के जन्मदिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

**कवि तथा कवयित्रियों को अंग वस्त्र व प्रशसति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया**



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** स्वामी विवेकानन्द स्वामी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद्, नारायण शाखा, फरीदाबाद द्वारा काव्य-कलरव संध्या -2 का आयोजन सेक्टर -37 के सामुदायिक केन्द्र में किया गया। काव्य- गोष्ठी में पधारे फरीदाबाद से वरिष्ठ साहित्यकार वेद व्यथित जी, आरएसएस. से अरुण त्यागी, पुनीत पांचाल, कोमल वाणी,हेमन्त अग्रवाल, पूर्णिमा गोयल, सुनीता शारदा, अपूर्वा राजपूत, रमेश गोयल,सुभाष गुप्ता,सरिता सिंह, अनुज राय अनिल कपूर, प्रेरणा सिंह और दीपिका शिप्रा गाज़ियाबाद से और अमर पाल अमर दिल्ली से का देवेन्द्र अग्रवाल(देबू),प्रमोद वर्मा व रचना गोयल ने पुष्प गुच्छा भेंट कर स्वागत किया। लगभग तीन घंटे तक चले कार्यक्रम में सभी कवियों ने स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों और जीवनी को बेहतरीन काव्य-पाठ के माध्यम से श्रोताओं के सम्मुख प्रस्तुत किया। भारत विकास परिषद्, नारायण शाखा के सदस्य विनीत गुप्ता ने मंच संचालन किया। नारायण शाखा के सचिव प्रमोद वर्मा ने भी अपनी कविता सुनाई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप -प्रज्वलन करके वन्देमातरम्, सरस्वती वंदना से हुआ। माया सिंह जी ने सरस्वती वंदना सुनाई। कार्यक्रम का संयोजन नारायण शाखा की महिला संयोजिका रचना गोयल ने किया। सभी कवि तथा कवयित्रियों को अंग वस्त्र व प्रशसति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेक्टर -37 आरडब्लूए के अध्यक्ष कैप्टन आई. डी. शर्मा ने इसे साहित्य के क्षेत्र में एक सफल प्रयास बताया। कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रोताओं ने कार्यक्रम का आनन्द लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के लिए जल - पान की व्यवस्था की गई थी।

नारायण शाखा से लोकश शर्मा,दिनेश शर्मा व मनीषा शर्मा सपरिवार ,योगेश गर्ग व शिल्पा गर्ग, दिलीप बाँका सपत्नी, पंकज सक्सेना व रुचि सक्सेना, अनुभा जी, जूही वर्मा सपरिवार,कोषाध्यक्ष रोहताश रजलीवाल उपस्थित रहे। देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया। अतुल गोयल ने कार्यक्रम की वीडियो बनाई व फोटो खींची

## भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर: विपुल गोयल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित हरियाणा सरकार इंडस्ट्रीज के साथ कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के उद्योग जगत से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस कार्यक्रम में हरियाणा की आर्थिक प्रगति और विकसित भारत के लक्ष्य में उद्योगों की अहम भूमिकाओं पर गहन चर्चा हुई। हरियाणा सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री राजेश नागर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आईएमटी प्रेसिडेंट वीर भान शर्मा, मुख्य संरक्षक एच.एल. भूटानी सहित अन्य सदस्य एवं विशिष्ट अतिथिगण शामिल हुए।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आईएमटी फरीदाबाद की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने यह भी कहा कि फरीदाबाद की औद्योगिक प्रगति केवल उद्योग जगत तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका प्रभाव पूरे जिले के आर्थिक और सामाजिक विकास पर पड़ता है।

उन्होंने कहा, जब एक इंडस्ट्री बढ़ती है, तो उसके आस-पास का पूरा ईकोसिस्टम फलता-फूलता है। इसमें कर्मचारी, उनके परिवार, छोटे व्यवसायी, क्लिनिक, अस्पताल, और शिक्षा संस्थान सभी शामिल हैं। उद्योग की सफलता, राज्य और समाज की समृद्धि का आधार है।

**भारत की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश**

चूंकि यह कार्यक्रम उद्योग और अर्थव्यवस्था केंद्रित था, इसलिए भारत की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए विपुल गोयल ने कहा, आज भारत ग्लोबल इकोनॉमी में लंबी छलांग लगाकर शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो रहा है। आईएमएफ और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने यह भी स्पष्ट किया है कि 2027 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा और 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मैं नहीं, हम के सिद्धांत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह लक्ष्य केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं होगा। उद्योगपतियों के नवाचार और प्रयास ही इसे साकार करेंगे।



**उद्योगपतियों को सरकार का भरोसा**

विपुल गोयल ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि हरियाणा सरकार उनके साथ है और उनके प्रयासों को हर संभव समर्थन देगी। उन्होंने कहा, स्टेट का काम बिजनेस करना नहीं है, लेकिन स्टेट उन बिजनेस पर टिकी है, जो आप जैसे लोग बनाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से आपसी सामंजस्य और सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया।

## दिल्ली में स्पष्ट बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : तरुण भंडारी



**गोल्डी अरोड़ा व पारस राय ने किया मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी का भव्य स्वागत**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नवनियुक्त राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी आज भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा के सेक्टर-81 स्थित कार्यालय पर पहुंचे, जहां भाजपा नेता गोल्डी अरोड़ा, युवा समाजसेवी पारस राय सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनका मुंह मीठा कराते हुए उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तरुण भंडारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान मिलता है, इसका जीता जागता उदाहरण मैं स्वयं हूं, जिसे भाजपा ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर यह साबित कर दिया कि भाजपा बिना भेदभाव कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करती है। श्री भंडारी ने कहा कि आज देश जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है वहीं हरियाणा में नायब सैनी सरकार प्रदेश को विकास की नई बुलंदियों तक पहुंचा रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी और देश की राजधानी को विकास के मामले में फिर से शिखर पर पहुंचाने का काम करेगी। इस मौके पर भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने श्री भंडारी को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि श्री भंडारी जी के अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई बुलंदियों को छूएगा और वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मिलकर हरियाणा के विकास को बुलंदियों तक पहुंचाने का काम करेंगे। गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि फरीदाबाद में होने वाले नगर निगम चुनावों में भी भाजपा उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतेंगे और यहां की छोटी सरकार भी भाजपा ही बनाएगी और उसके बाद ट्रिपल इंजन की सरकार से इस जिले के विकास को नया बल मिलेगा। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता मुकुल चोपड़ा, मनीष बत्रा, विकास शर्मा, आशीष माटा, हेमंत कुमार, सागर दुआ, मनीष चौधरी, पवन शर्मा, सागर भाटिया, लोकेश नारंग, मुकेश दुआ, रोहित भाटिया, कपिल केला, हितेश सोनी सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सन्तसिहं हुड्डा को परिवार व संस्था की टीम सहित एडीजीपी आलोक मित्तल ने सम्मानित किया



**समाचार गेट/अन्तराम**

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान एवं शिक्षाविद संतसिहं हुड्डा व उनकी धर्मपत्नी, बेटा-बेटी एवं संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, मुख्य सचिव देविचरण वैष्णव को सेंट्रल व्यू होटल सेक्टर 12 फरीदाबाद में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के उत्सव कार्यक्रम में समाजसेवा व रक्तदान के लिए आईपीएस एडीजीपी एंटी करप्शन ब्यूरो चीफ आलोक मित्तल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ओर उनके सामाजिक कार्यो की भूरी - भूरी प्रसंशा कर हौसला अफजाई करते हुए बंधाईयां एवं शुभकामनाएं दी ओर कहा कि आप भविष्य में भी इसी तरह से परिवार व टीम सहित जनसेवा करते रहे। गौरतलब है कि सन्तसिहं हुड्डा इससे पहले भी संस्था की टीम सहित अनेक बार राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस, शिक्षक दिवस पर ब्लाक , जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित हुए है। इस अवसर पर सन्तसिहं हुड्डा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस आलोक मित्तल व रविन्द्र डूडेजा एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी संस्था की टीम के सहयोग व मेहनत - लगन की बदौलत का फल है। हमारे सभी बड़े - बुजुर्गों एवं भाईयों की दुआ व आशीर्वाद का फल है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# पोषण से भरपूर होता है साबुत अनाज पास्ता

आज की जीवनशैली में झटपट तैयार होने वाला और टेस्टी पास्ता हर किसी का पसंदीदा बन गया है। खासकर बच्चे तो इसे किसी भी समय खाने को तैयार रहते हैं। हालांकि आहार विशेषज्ञ पास्ता को फास्ट फूड की श्रेणी में रखते हैं, लेकिन साबुत अनाज पास्ते की खूबियां विशेष है।

पास्ता प्रेमियों के लिए हेल्दी डाइट भी बाजार में उपलब्ध है यानी साबुत अनाज पास्ता। इसमें साबुत अनाज के तीनों घटक- एंडस्पर्म, जर्म और ब्रैन निकाले नहीं जाते। इसलिए यह पोषक तत्वों से भरपूर है। पास्ता बनाते वक्त जब इसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियां, पनीर, अंडे या नॉन वेज जैसी चीजें मिलाई जाती हैं, तो यह एक हेल्दी डाइट बन जाता है। गेहूं के आटे के साथ उसका ब्रैन यानी चोकर मिला कर बना साबुत अनाज पास्ता फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन बी, मिनरल्स (तांबा, सैलेनियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज), प्रोटीन जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जिसका नियमित सेवन कई तरह की बीमारियों से बचाता है।

## डायबिटीज को करे नियंत्रित

फाइबर से भरपूर पास्ता शुगर के अवशोषण को धीमा करता है। इससे इंसुलिन के स्राव और ब्लड शुगर स्तर में कमी आती है। इस तरह डायबिटीज से बचाव होता है।



## कैंसर से बचाए

इसमें फाइटो एस्ट्रोजन, कॉपर, सिलेनियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये तत्व शरीर में कैंसर की कोशिकाओं को विकसित होने से रोकते हैं। इससे स्तन, पैंक्रियाज आदि के कैंसर की आशंका कम हो जाती है।

## हृदय रोग के जोखिम को करे कम

फाइबर और मिनरल्स से भरपूर पास्ता का नियमित सेवन रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को बढ़ने से रोकता है। रक्त धमनियों के अंदर बैड कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है, जिससे हृदय रोग होने का खतरा कम रहता है। पास्ता में मौजूद तांबा, मैग्नीशियम जैसे खनिज टिशूज ब्लड सेल्स का निर्माण करते हैं और कार्डियोवस्कुलर सिस्टम को सुचारू रूप से चलने में मदद करते हैं।

## थाइरॉइड को बनाए सुचारू

पास्ता में मौजूद सिलेनियम थाइरॉइड ग्लैंड को ऑक्सीकरण से बचाता है और सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है।

## मसल्स और सेल्स की सुधारे सेहत

पास्ता में मौजूद प्रोटीन मैक्रोन्यूट्रिएंट शरीर के विभिन्न सेल्स की मरम्मत और मसल्स के पुनर्निर्माण करने में मदद करता है। यह बालों, नाखूनों को भी मजबूत बनाने में मदद करता है।

## पाचन प्रक्रिया को बनाए सुचारू

साबुत अनाज पास्ता फाइबर, कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन का मिश्रण है। फाइबर बॉवेल मूवमेंट को नियमित बनाए रखता है, कब्ज से बचाता है और पाचन प्रक्रिया या चयापचय प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है।

कार्बोहाइड्रेट, विटामिन बी, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स से भरपूर पास्ता के नियमित सेवन से शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। इससे मेटाबॉलिज्म रेट में सुधार होता है और दैनिक गतिविधियों के लिए शरीर में ऊर्जा का संचार अधिक होता है। इससे मांसपेशियों, लाल रक्त कोशिकाओं और नर्वस सिस्टम को ऊर्जा अधिक मिलती है।

## काबू में रहे ब्लड प्रेशर

साबुत अनाज पास्ता में मौजूद मैग्नीशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे दिल की बीमारी की आशंका कम हो जाती है।

## वजन को रखे नियंत्रित

फाइबर और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर साबुत अनाज पास्ता का सेवन देर तक पेट भरा होने का एहसास कराता है। इसमें अनाज के तीनों घटक होने के कारण कॉम्प्लेक्स कार्ब होते हैं, जिससे ये धीमी गति से पचते हैं और ऊर्जा प्रदान करते हैं। शरीर में चयापचय प्रक्रिया सुचारू रूप से चलने और खाद्य पदार्थों का इंटेक कम होने के कारण वजन नियंत्रित रहता है।

# पेट पर अत्यधिक चर्बी बन सकती है कैंसर का कारण

उच्च बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के अलावा पेट पर चर्बी का जमाव कैंसर का जोखिम बढ़ा सकता है। शोधकताओं ने चेताया है कि वृद्ध लोगों में इस जोखिम की अधिक संभावना है। धूम्रपान के बाद अधिक वजन या मोटापा कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा कारण है, जिससे बचा जा सकता।



निष्कर्षों से पता चलता है कि कमर पर चर्बी की प्रति 11 सेंटीमीटर की वृद्धि मोटापे से संबंधित कैंसर जैसे स्तन, आंत्र, गभार्शय, ओएसोफैगल (भोजन की नली), अग्नाशय (पैनक्रिया), गुर्दा, लिवर, ऊपरी पेट (गैस्ट्रिक कार्डिया), पित्ताशय की थैली, डिम्बग्रंथि (ओवरी), थायराइड आदि के होने का जोखिम 13 प्रतिशत बड़ा देता है।

इसके अलावा कमर में आठ सेंटीमीटर चर्बी की वृद्धि आंत के कैंसर के खतरे को 15 प्रतिशत बढ़ा देता है।फ्रांस में इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी-डब्ल्यूएचओ) में वैज्ञानिक और इस अध्यन के मुख्य लेखक हींज फ्रीसलिंग ने कहा, हमारे निष्कर्ष से जाहिर होता है कि बीएमआई और शरीर के जिस हिस्से में चर्बी जमी है, वह मोटापे से संबंधिक कैंसर के जोखिम का संकेत हो सकता है। खासकर पेट के आसपास की चर्बी कई प्रकार के कैंसर से संबंधित है।

इस शोध में अध्ययनकताओं ने 43,000 प्रतिभागियों को शामिल किया था। यह शोध 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ कैंसर' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

## रेसिपी



### पालक आमलेट

**सामग्री**

■ अंडे- 2, पालक- 1 कप (कटे हुए) ■ धनिया पत्ता- 1/4 कप ■ नमक- स्वादानुसार ■ हरी मिर्च- 1 (बारीक कटी) ■ अदरक- 1/4 चम्मच ■ हल्दी- चुटकीभर ■ प्याज- 1 (बारीक कटा) ■ जीरा- 1/4 चम्मच ■ लाल मिर्च- 1/4 चम्मच ■ घी या मक्खन- आवश्यकतानुसार

**विधि**

पालक को धोकर काट लें। अब एक बाउल में अंडे तोड़कर डालें। फिर इसमें पालक, धनिया पत्ती, प्याज़, नमक, जीरा, अदरक, हल्दी और कटी हरी मिर्च डालकर अच्छे से फेटें। पैन गर्म कर उसमें घी या मक्खन डालें। इसके बाद अंडे का मिक्सचर डालें। पालक कम लग रही है तो ऊपर से भी थोड़ा डाल सकते हैं। अब अच्छे से दोनों साइड पका लें। ऊपर से चाहे तो लाल मिर्च बुरक कर डाल सकते हैं।



### पुलाव वाले शिमला मिर्च

**सामग्री**

■ चावल- 3 कप ■ शिमला मिर्च- 4 ■ मटर- 120 ग्राम ■ दालचीनी का टुकड़ा- 6 ■ अदरक-लहुसुन पेस्ट- 2 चम्मच ■ धनिया पत्ती- बारीक कटी ■ नींबू रस- 2 चम्मच ■ पुदीना ■ जीरा- 1 चम्मच, इलायची- 4 ■ प्याज- 2 ■ हल्दी- चुटकीभर ■ लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच ■ तेजपत्ता- 3 ■ पानी- आवश्यकतानुसार ■ नमक- स्वादानुसार

**विधि**

चावल को धोकर उसे पानी में 30 मिनट तक रखेंगे। इसके बाद इसे पानी को उबलने के लिए रख दें उसके बाद इसमें चावल डालकर उसे पका लें। प्याज, हरी मिर्च और धनिया पत्ती को बारीक-बारीक काट लें।

अब एक पैन में तेल गर्म होने के लिए रख दें। फिर इसमें जीरा, प्याज, अदरक-लहसुन पेस्ट, मसाले और मटर डालकर 5-7 मिनट अच्छी तरह भुनें।

अब इसमें चावल मिक्स कर लें और थोड़ी देर और भुनें।

अब शिमला मिर्च को ऊपर से थोड़ा सा काटकर उसका डठंल वाला हिस्सा हटा दें।

फिर इसमें चावल वाली स्टफिंग भरें।

पैन में हल्का सा तेल डालें और उसमें स्टफ्ड शिमला मिर्च को रखें और ढ़ककर सॉफ्ट होने तक पकाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 3411




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

11/7 → 1 2 3 5; ↑ 1 2 4

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3410का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी पति (पत्नी को खुश करने के लिए बोला)- डार्लिंग! अब झगड़ा बंद भी करो, मैं शांति के साथ रहना चाहता हूँ।

पत्नी- हाँ-हाँ, तो जाओ ना। रहो तुम अपनी शांति के साथ...! मैं भी अब अपने रमन के साथ रहना चाहती हूँ।

□ □ □

प्रेमी (पत्नी से)- आज तुम्हें मेरा बाँसुरी बजाना बुरा लगता है, लेकिन एक दिन मेरे बाँसुरी बजाने पर ही रीझ कर तुमने मुझसे शादी की थी।


पत्नी गुस्से से बोली- हाँ... की थी, लेकिन बाँसुरी बजाने पर रीझ कर नहीं, बल्कि यह सोच कर शादी की थी कि जिस तरह तुम बाँसुरी में फूँक मारते हो, उसी तरह मेरे घर का चूल्हा भी अच्छी तरह फूँकोगे।

□ □ □

कवि (पत्नी से), ''तुम्हे पता होना चहिए कि मैं वीर रस का कवि हूं और लोग मेरे बारे कहते हैं कि मैं अपनी कविताओं से संसार में आग लगा सकता हूं।''

पत्नी, अब अपनी प्रशंसा करना बंद करें और प्लीज जरा चूल्हे में आग जला दें।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3411



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3410



## सूडोकु -3411


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3410 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 3411




**बाएँ से दाएँ**

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -3410 का हल



# कैंसर से बचाव के लिए जागरूक बनें, लक्षण दिखने पर करवाएं चैकअप : उपायुक्त

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि कैंसर एक जानलेवा रोग है। प्रतिवर्ष लाखों लोग कैंसर की बीमारी के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। यदि सही समय पर इसकी पहचान करके इलाज शुरू करवाया जाये तो रोगी को असमय मृत्यु से बचाया जा सकता है। कुछ कैंसर बड़ी तेजी से स्टेज-1 से स्टेज-4 में पहुंच जाते हैं। ऐसे में कैंसर की जल्द पहचान का महत्व ज़्यादा बढ़ जाता है। लोगों में कैंसर के कारणों के बारे में जागरुकता फैलाकर बीमारी की रोकथाम करना, कैंसर के लक्षणों की पहचान करके समय से पहले बीमारी का पता लगाना और इसके उपचार की तकनीक के बारे में लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इन उद्देश्यों के साथ प्रति वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उपायुक्त ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने एवं आमजन को इस रोग के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ (यूआईसीसी) द्वारा 4 फरवरी 2000 को विश्व कैंसर दिवस को मनाने की घोषणा की गयी थी। प्रथम बार इस दिवस को कैंसर के विरुद्ध जंग के रूप में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित प्रथम विश्व शिखर सम्मेलन वर्ष 2000 में मनाया गया था। इसके पश्चात इसे प्रतिवर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिवस के माध्यम से कैंसर रोग से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने एवं इस रोग के उन्मूलन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित किया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के माध्यम से लोगो को कैंसर रोग के बारे में जागरूक किया जाता है, ताकि समय रहते इस रोग को का पता लगाया जा सके एवं समय से इलाज प्रक्रिया को शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि कैंसर रोग से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां दूर करने एवं पीड़ित को इलाज के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करने व इलाज के समय पीड़ित का मनोबल बढ़ाना भी इस कार्यक्रम के उद्देश्यों में प्रमुख है। साथ ही इस दिवस के माध्यम से सभी नागरिकों के सहयोग से इस रोग के वैश्विक उन्मूलन हेतु संकल्प लिया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के मौके पर विभिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान तथा कैंसर उन्मूलन के लिए कार्य करने वाली संस्थाओ के द्वारा इस रोग के बारे से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। साथ ही पोस्टर, बैनर,



सोशल, अवेरनेस एवं अन्य माध्यमो से इस रोग के प्रति सामाजिक कलंको को दूर करने हेतु भी समुचित उपाय किए जाते है।

सिविल सर्जन डॉ सर्वजीत सिंह ने बताया कि जिला नूंह में इस बार 4 फरवरी को सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएमओ के माध्यम से व गांवों में आशा वर्कर के माध्यम से वर्ल्ड कैंसर-डे मनाया जायेगा। इस अवसर पर उन लोगों की, जिनमें कैंसर होने की संभावना हो सकती है, की स्क्रीनिंग की जाएगी। आशा वर्कर अपने-अपने क्षेत्र के कैंसर मरीजों की पहचान करके उनकी सूची अपडेट करेंगी। हेल्थ टॉक व समूह मीटिंग के माध्यम से लोगो को कैंसर के कारणों व लक्षणों बारे जागरूक किया जाएगा व लोगों को समझाया जाएगा कि किस प्रकार वे स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर कैंसर व अन्य गैर संचारी रोगों से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि कैंसर का अर्थ होता है शरीर में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि होना। वर्तमान में ख़राब जीवनशैली एवं अन्य विभिन कारणों से दुनिया में कैंसर रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही हैं। कैंसर होने के मुख्य कारण तंबाकू या तंबाकू उत्पादों का सेवन करना, ज्यादा वजन होना, शराब का सेवन करना, प्रदूषण, रेडिएशन, सूर्य की अल्ट्रा वोइलेट किरणों, आनुवंशिक,कैंसर होने के कारणों को जानने के साथ-साथ कैंसर के लक्षण को भी पहचाना बहुत जरुरी है, ताकि समय रहते इलाज हो सके। कैंसर के मुख्य लक्षण वजन का लगातर घटना, भूख कम लगना, लगातार खांसी आना या खांसी में खून आना, आहार निगलने में दिक्कत होना, शरीर में किसी भी तरह की गांठ का बनना, शरीर में थकान और आलस्य का बने रहना, महिलाओं में अनियमित माहवारी या रजोनिवृतति के बाद माहवारी आना या संभोग के दौरान खून आना सर्वाइकल कैंसर का लक्षण हो सकता है। स्तनों के आकार अथवा बनावट में फर्क आना, स्तनों में गांठ महसूस होना या उनसे खून आना, स्तन कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। मुंह में बार-बार छाले या गांठ होना और छालों का 2 सप्ताह से ज़्यादा समय तक ठीक ना होना, मुख के कैंसर का लक्षण हो सकता है। यदि आप को स्वयं में या अपने किसी जानकार में ऐसे लक्षण महसूस होते हैं तो उनकी आज ही कैंसर बारे जांच हेतु जिला नागरिक अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं। कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। यदि आप तंबाकू का उपयोग करते हैं तो इसे आज ही छोड़ें। अपने शरीर को अधिक से अधिक कार्यशील रखें। फल व सब्जियों का सेवन ज़्यादा से ज़्यादा करें।

# समाधान शिविर प्रशासन व जनता के बीच मजबूत कड़ी : विश्राम कुमार मीणा

**जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर का लाभ उठाने का किया आह्वान**

**जिला मुख्यालय के साथ ही तावडू, फिरोजपुर-झिरका और पुन्हाना उपमंडल में आयोजित हो रहे समाधान शिविर**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार जन समस्याओं को निपटाने के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल शिकायतों के प्रभावी समाधान का माध्यम है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। जिला स्तर आयोजित समाधान शिविर में आज 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर समाधान कर शिकायतकर्ता को राहत पहुंचाई गई। इसी प्रकार उपमंडल पुन्हाना में दो शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर न केवल समस्याओं के निवारण का माध्यम है, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच मजबूत संवाद का प्रतीक भी है। नूंह जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को उसकी समस्या का समाधान सरल और सुलभ तरीके से मिले। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे समाधान शिविर के आयोजनों का लाभ उठाएं और अपनी शिकायतों का तुरंत समाधान करवाएं। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आयोजित हो रहे समाधान शिविर का यह प्रयास जिले में सकारात्मक बदलाव और प्रशासनिक कुशलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस अवसर पर नगराधीश अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हैप्पी योजना से 1000 किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा सुविधा का उठाएं लाभ : डीसी

**हैप्पी योजना से अंत्योदय परिवारों को प्रति वर्ष रोडवेज बसों में मिलती है मुफ्त यात्रा की सुविधा**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अंत्योदय परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) शुरू की है।

इस योजना के क्रियानवित होने से हरियाणा प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा करने का लाभ मिलता है। इस योजना के माध्यम से, हरियाणा सरकार अंत्योदय परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

इस योजना के अंतर्गत, अंत्योदय परिवारों को प्रति वर्ष 1000 किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जाता है।

**हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना का मुख्य लक्ष्य**

प्रदेश सरकार की हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना का मुख्य उद्देश्य है कि राज्य के अंत्योदय परिवारों को बिना किसी शुल्क के रोडवेज बसों में यात्रा करने का मौका देना है, ताकि उनके जीवनस्तर में सुधार हो सके। इस योजना के लागू होने से अब अंत्योदय परिवार के सदस्य आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान जा सकेंगे। यह योजना अंत्योदय परिवारों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का लाभ केवल ऐसे परिवारों को मिलेगा, जिन परिवारों में 3 से ज्यादा सदस्य हैं और उनकी परिवारिक सालाना आय एक लाख रुपए से कम है। इस योजना के तहत अंत्योदय परिवार के प्रत्येक सदस्य को हर साल 1000 किलोमीटर की फ्री यात्रा का लाभ दिया जाएगा।

**हैप्पी योजना के लिए पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेज**

आवेदक हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए। हरियाणा के अंत्योदय परिवार ही हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के लिए पात्र होंगे। आवेदक के परिवार की सालाना आय 1 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। जिन परिवारों में 3 से अधिक सदस्य होंगे वे परिवार ही इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। हैप्पी योजना का कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, वार्षिक आय प्रमाण पत्र व मोबाइल नंबर के साथ नजदीकी परिवहन डिपो में संपर्क कर सकते हैं।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव संबंधी तैयारी पूरी



**कमेटी के चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की रिहर्सल आयोजित**

**19 जनवरी को होगा चुनाव**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के आगामी 19 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए जिला नूंह को वार्ड नंबर-40 में शामिल किया गया है। इसके लिए सरदार गुरमुख मेमोरियल स्कूल में बूथ नंबर-एक बनाया गया है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी जरूरी तैयारियों व सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 72 मतदाता हैं, जोकि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव में सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएं। कमेटी के चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए सोमवार को तीन पोलिंग पार्टियों की रिहर्सल करवाई गई। चुनाव के दिन 19 जनवरी को इनमें से एक पोलिंग पार्टी को ही पोलिंग स्टेशन पर भेजा जाएगा।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोलिंग पार्टियों को उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे जानकारी दी गई। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित रिहर्सल में नायब तहसीलदार चुनाव राजेंद्र हुड्डा ने पोलिंग पार्टियों को सभी चुनाव प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस रिहर्सल का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पोलिंग स्टाफ को प्रशिक्षित और जागरूक करना था। रिहर्सल में चुनाव प्रक्रिया के हर चरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और पोलिंग पार्टियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के माध्यम से होगा, इसलिए पोलिंग पार्टी के सदस्यों को ईवीएम के संचालन, मतदाता सत्यापन प्रक्रिया और चुनाव के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण होना जरूरी है।

# जिला में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन: जिला कार्यक्रम अधिकारी



**विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित : मीरा**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सरदार गुरुमुख मेमोरियल स्कूल नूंह में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग जिला स्तर खेल प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें सभी ब्लॉक से गाँव की महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर खेल में भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीरा ने बताया कि इस में प्रतिभागियों के दो ग्रुप थे एक में 18 से 30 साल और दूसरे में 30 साल के ऊपर महिलाओं ने भाग लिया। 30 साल से ऊपर महिलाओं के लिये 100 मीटर रेस, चक्का फेक, म्यूजिकल चेयर के खेल थे तथा 18 से 30 मे 300 व 400 मीटर की साइकिल रेस शामिल थी। चक्का फेक मे हारूनी, सपना और रामा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही व म्यूजिकल चेयर मे भतेरी, गीता, मीना प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्राप्त किया वही 100 मीटर रेस मे मुक्ति, पूजा, नीतिका प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही ये सभी 30 साल से ऊपर की महिलाए थी 18 से 30 साल मे नसीमा आरती गुलसन प्रथम, द्वितीय व तृतीय पर रही 400 मीटर रेस मे, 300 मीटर रेस मे तस्लीमा, नेहा, मनीषा प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही, साइकिल रेस मे ज्ञानवती, हेमलता, ख़ुशी प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। विधिवक्ता मोहम्मद अशफाक अली ने महिला हेल्पलाइन 181 और वन स्टॉप सेंटर के बारे में महिलाओं कों अवगत कराया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनिता, सुदेश, सुपरवाइजर नीलिमा, तेजीन्दर, मंजू, सरोज, सुमन, अलका अनीता, सोनिया, कांता, मुनेश, उपस्थित रहे।

# प्लॉट के स्थान पर नोटिस मिलने पर लोग पहुंचे मंत्री राजेश नागर के खुले दरबार

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने अपने निवास पर लगे खुले दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान देने के निर्देश दिए। सेक्टर 80 में एचएसवीपी द्वारा आवंटियों को प्लाट का कब्जा न देने बारे में आई शिकायत में शिकायतकर्ताओं ने बताया कि एचएसवीपी प्लॉट्स का कब्जा नहीं दे रहा है लेकिन निर्माण में देरी के नाम पर नोटिस भेज कर उन्हें परेशान कर रहा है। जिससे वह मानसिक और आर्थिक दोनों प्रकार से परेशान हो रहे हैं। उन्होंने मंत्री राजेश नागर को बताया है कि वह उन प्लॉट्स के लिए बैंक से लिया लोन चुका रहे हैं जिनका उन्हें अभी तक



कब्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने 6 महीने में प्लॉट का कब्जा दिलाने और 15 दिन के अंदर विकास कार्य शुरू करने की मांग की। जिस पर मंत्री राजेश नागर ने जल्द से जल्द समाधान देने की बात कही। उन्होंने एक शिकायत पर तिलपत गांव के सूरदास चौक को बनाने के लिए एसडीएम को मौके पर ही निर्देश दिया। उन्होंने गांव चंदावली और सिलौटी पलवल में राशन डिपो की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार गांव बडोली से आए लोगों ने मंत्री से रास्ते को बनाने की मांग रखी जिसे जल्दी बनाने की बात मंत्री राजेश नागर ने कही।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जोड़ी ने हमारे हरियाणा के विकास को तेज गति दी है और शासन प्रशासन जनता के हित में 24 घंटे काम कर रहे हैं। मेरे घर के दरवाजे भी सबके लिए खुले हुए हैं और जनता के विश्वास से हरियाणा में तीसरी बार बनी भाजपा की सरकार अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से कह दिया गया है कि वह अपने स्तर पर लोगों की समस्याओं को दूर करें जिससे कि लोगों को यहां वहां भटकना न पड़े। अगर मुझे पता चलेगा कि जानबूझकर या लापरवाही के कारण लोगों को परेशानी हो रही है तो अधिकारियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर समाधान शिविर का आमजन उठा रहे लाभ

**समस्याओं का भी जल्द हो रहा है निपटारा**

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार जनसेवा को समर्पित एक से बढ़ कर एक कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में सरकारी कार्यालयों में लगाए जाने वाले शिविर लोगों के लिए हर रोज लाभदायक सिद्ध हो रहें। आम जन को अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखने का उचित मौका मिल रहा है। नगर निगम फरीदाबाद की कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर प्रत्येक कार्य दिवस में निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में लगाए जाने वाले समाधान शिविर में आज निगम के एसडीओ राजेश शर्मा और जेडटीओ पदम ढांडा ने जन समस्याएं सुनी।




यह समाधान शिविर हर कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक नगर निगम कार्यालय सहित सभी सरकारी कार्यालयों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों का आमजन को लाभ उठाना चाहिए। नगर निगम के प्रत्येक जॉन में सभी जॉइंट कमिश्नर की देख रेख में समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं। निगम के एसडीओ राजेश शर्मा ने बताया कि समाधान शिविर में आई ध्वनि प्रदूषण, प्रॉपर्टी आईडी,सड़क निर्माण,सीवर,पानी,अतिक्रमण और सफाई और अवैध निर्माण से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका समाधान संबंधित अधिकारियों और विभागों से करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है।

शिविर में कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जाता है जबकि कुछ मामलों में समय सीमा निर्धारित की जाती है, उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान होने पर शिकायतकर्ताओं को उसकी जानकारी दी जाती है ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। इस मौके पर एफएमडीए से एसडीओ नवल सिंह, सफाई निरक्षक मुख्यालय बिशन तेवतिया, अजीत रावत सहित निगम के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# इस बार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को देनी होगी राहत

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों में शामिल हो रहे हैं। यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है। अत: वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रयास किए जाएंगे जिससे मुद्रा स्फीति की दर देश में कम बनी रहे एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में वृद्धि हो। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों की आय पर लगाए जाने वाले आय कर में भी कमी की जानी चाहिए। बैकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा द्वारा भी मध्यमवर्गीय परिवारों को कुछ हद्द तक राहत पहुंचाई जा सकती है। ऋण पर ब्याज दरों में कमी करने से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा ऋण खातों में जमा की जाने वाली मासिक किस्त की राशि में कमी होती है और उनकी खर्च करने की क्षमता में कुछ हद्द तक सुधार होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों के हित में यदि उक्त उपाय नहीं किया जाते हैं तो बहुत सम्भव है कि यह मध्यमवर्गीय परिवार एक बार पुन: कहीं गरीबी रेखा के नीचे नहीं खिसक जाय। अत: वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए।




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिलावासियों को दी मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिलावासियों को पावन पर्व मकर संक्रांति व लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए कि यह पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं, जो प्रकृति, ऊर्जा और समृद्धि का संदेश देते हैं। उपायुक्त ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व हमें समर्पण, सहयोग और एकता का संदेश देता है। यह त्योहार हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और सामूहिक विकास के लिए प्रेरित करता है। सभी जिलावासी इन पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने इस अवसर पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बनाए रखने का भी आह्वान किया और कहा कि त्यौहार के दौरान पॉलिथीन के उपयोग से बचें और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त ने जिलावासियों के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएं।



# बाल भवन नूंह में मनाया गया लोहड़ी का त्यौहार: एसएल खत्री

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला बाल कल्याण परिषद्, बाल भवन नूंह में सोमवार को कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, सीडीपीओ कार्यालय स्टाफ तथा सभी प्रोजेक्ट, गतिविधियों के प्रशिक्षक, प्रशिक्षिकाओं व बच्चों के साथ लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का त्यौहार बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी एस. एल. खत्री ने सभी कर्मचारियों व बच्चों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी ने अग्नि के इर्दगिर्द परिक्रमा की तथा पारम्परिक लोहड़ी गीत सुंदरी मुंदरी होय लाल पट्टीवाला होय गाते हुए इस पर्व को नाच गाकर खुशी के साथ मनाया तथा सभी को मुंगफली व रेवड़ी आदि बांटी गई।



# कडाके की ठंड से बचाव के लिए एसडीएम ने जरूरतमंद व्यक्तियों को गर्म कंबल वितरित किए

**जिला प्रशासन की ओर से रैन बसेरे के अलावा गर्म कंबल वितरित करने की दिशा में उठाए व्यापक कदम**



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सर्दी से कोई भी व्यक्ति पीडित व परेशान न हो इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए हैं। एक तरफ जहां रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है वहीं दूसरी ओर कलेक्टर एवं चेयरमैन रैडक्रॉस सोसायटी डॉ विवेक भारती की ओर से कडाके की ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद व्यक्तियों को गर्म कंबल वितरित किए जा रहे हैं। इसी कडी में कनीना के एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत ने सोमवार को लोहडी एवं मकर सक्रांति के पर्व पर जरूरतमंद व्यक्तियों को गर्म कंबल वितरित किए। उन्होंने आमजन से कहा कि सर्दी से बचाव के लिए जिला प्रशासन की ओर से ऐतिहाती कदम उठाए गए हैं। नगरपालिका कनीना की ओर से संचालित किए गए रैन बसेरे में ठंड से बचने के लिए महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग गर्म बिस्तर, अलाव एवं गर्म खाद्य पदार्थ की व्यवस्था की गई है। एसडीएम जितेंद्र सिंह ने नगरवासियों को मकर सक्रांति के पर्व को पूरी श्रधा एवं उल्लास से मनाए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति हिंदुओं का बडा त्योंहार है। इसे गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए।

# कनीना में बिजली कर्मचारियों ने 12वें दिन भी दिया धरना



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बिजली चोरी रोकने के लिए गठित की गई छापेमार टीम से मारपीट करने के आरोपियों की गिरफतारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों का धरना सोमवार को 12वें दिन भी जारी रहा। उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। धरने की अध्यक्षता मोहन सिंह ने की। बिजली कर्मचारी कुलदीप सिंह ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कर्मचारियों द्वारा धरना दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को निगम कर्मियों की छापेमार टीम मोडी स्थित टोलवा की ढाणी में गई थी। टीम ने जैसे ही अपनी कार्रवाई शुरू की वैसे ही ग्रामीणों ने उन पर हमला बोल कर घायल कर दिया। कनीना सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ उमेश वर्मा द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मुकद्मा नम्बर 188 दर्ज कर एक आरोपी नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारी बीती 2 जनवरी से निगम के एसडीओ कार्यालय के सामने धरना दे रहे हैं। उन्होंने आदोंलन करने को कहा है। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर संजय एलएम, धर्मबीर सिंह,शिवकुमार जिला प्रधान, राजेंद्र सिंह, हवासिंह, आनंद सिंह, शंकर लाल, सुनील कुमार,राकेश, संदीप, अजीत, संजय,सजन सिंह, लोकेश, मनोज सहित अन्य बिजली कर्मचारी उपस्थित थे।

# जैन धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व : रजत जैन

**मकर सक्रांति का पर्व अंधेरे से निकालकर जीवन मे प्रकाश का संचार करता है**

**मकर संक्रांति का दिन किसानों के लिए है अत्यधिक महत्त्वपूर्ण दिन**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मकर संक्रांति का अपना एक अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है। इस दिन जहां सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। जिसकी वजह से रात्रि छोटी हो जाती है ओर दिन बड़े होना शुरू हो जाता है। सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की जैन धर्म में मकर सक्रांति का दिन अत्याधिक महत्वपूर्ण है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के पुत्र चक्रवर्ती भरत ने सूर्य में स्थित जिनबिम्ब की स्वयं के राजमहल की खिड़की से खड़े होकर पूजा अर्चना की थी। रजत ने बताया की मकर सक्रांति के दिन ही वर्ष में एक बार ही मकर राशि मे आता है। मकर सक्रांति का दिन किसानों के लिए अत्याधिक महत्वपूर्ण होता है । देश के किसान अपनी फसलों को काटते हैं। ये वे दिन होता है जब सूर्य उत्तर की ओर बढ़ता है मकर सक्रांति का पर्व सभी को अंधेरे से निकालकर रोशनी (प्रकाश)की ओर बढ़ने की प्रेरणा का संदेश देता है। ये दिन सभी को नई ऊर्जा उत्साह ,उमंग,के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। साथ-साथ जीवन मे नए संचार का भी योग का निर्माण होता है । मकर संक्रांति वाले दिन पर्यावरण में अधिक चैतन्य के साथ अधिकतम दिव्य शक्तियां रहती है जो ज्यादा से ज्यादा आध्यातमिक लाभ प्रदान करती है। इस दिन गंगा स्नान का भी विशेष महत्व होता है । इस दिन गौ माता की सेवा करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है और व्यक्ति अधिक से अधिक गौ माता की सेवा कर उसका पुण्य प्राप्त करते है।

# कर्तव्य परायणता का दूसरा नाम है राष्ट्रीय सेवा योजना : अशरफ मेवाती




**राष्ट्रीय सेवा योजना शिवरों से होता है विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य का निर्माण- अनिल शर्मा**

**शिविर के दौरान सीखे गए गुणों को जीवन में आत्मसात करेंगे- साहिल एनएसएस वालंटियर**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टपकन में आयोजित सात सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन समारोह के अवसर पर एनएसएस वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए जिला नूँह के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक अशरफ मेवाती ने कहा कि कर्तव्य परायणता का दूसरा नाम राष्ट्रीय सेवा योजना है क्योंकि जो व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक ढंग से करेगा वह राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है हम जानते हैं की प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकार दूसरे व्यक्ति के मौलिक कर्तव्य हैंयदि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ करेंगे तो अन्य व्यक्तियों के अधिकारों का हनन नहीं होगाशिविर के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने कहा कि मैं स्वयं भी कॉलेज स्तर पर एनएसएस का वॉलंटियर रहा हूं एनएसएसस शिविरों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता हैशिविरों के दौरान वालंटियर राष्ट्रीय सेवा भावना, आपसी तालमेल, सांप्रदायिक सौहार्द एवं स्वयं से पहले आप कथन के गुणों का पालन करते हैंजिससे उनके व्यक्तित्व मैं निखार आता है शिविर के दौरान साहिल को बेस्ट बाय वालंटियर तथा गुलफशाँ को बेस्ट गर्ल वॉलंटियर के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राम किशोर,प्राध्यापक मोहम्मद इब्राहिम,श्रीमती शिक्षा, सरताज अली, सलीम स्पोर्ट्स कोच सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल तथा निर्वतमान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माजिद खान सहित विद्यालय के दर्जनों शिक्षक एवं गांव के सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

वहीं तावडू खण्ड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी तावडू नरेश कुमार ने प्रधानाचार्य सुमन यादव तथा कार्यक्रम अधिकारी पतराम सहित गांव के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर विद्यार्थियों के जीवन में एक क्रांति की तरह काम करते हैं शिविरों से उनमें एक दूसरे के साथ मिलकर रहने,दूसरों के लिए समर्पण-भाव तथा समाज सेवा की भावना के गुणों का विकास होता है।शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुमन यादव ने की।

# मकर सक्रांति पर बूचावास गौशाला में हवन व भंडारा आज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** मकर संक्रांति के पर्व पर मंगलवार 14 जनवरी को महंत लक्ष्मण गिरि गौशाला बुचावास में हवन तथा भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। गोशाला के संचालक मंहत विट्ठलगिरी ने बताया कि प्रति वर्ष गौशाला में धार्मिक समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूर-दराज से श्रधालु हिस्सा लेते हैं।

# भाविप ने कनीना गौशाला में गायों के लिए गुड व खल उपलब्ध कराया

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** भारत विकास परिषद की ओर से कंवर सैन वशिष्ठ के नेतृत्व में श्रीकृष्ण गोशाला कनीना में लोहडी के पर्व पर सोमवार को गायों के लिए गुड़ व खल उपलब्ध कराया। इ मौके पर पंहुचे सद्स्यों ने गायों को गुड खिलाया तथा कामगारों को मूंगफली व रेवड़ी वितरित की गई। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से भगवान प्रसन्न होते हैं। गो माता से बढ़कर कोई स्थान नहीं है। इस मौके पर मोहन सिंह, अनिल यादव, शिव कुमार अग्रवाल,गोशाला प्रधान यादवेन्द्र यादव, मा कृष्ण सिंह, हनुमान यादव उसथित थे।

# मकर सक्रांति पर्व पर धूनिगर की याद में छितरोली में आयोजित होगा विशाल मेला

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** छितरोली गांव में आज 14 जनवरी मंगलवार को मकर सक्रांति के अवसर पर बाबा धूनिगर की 76वीं स्मृति में विशाल धार्मिक मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें खेलकूद प्रतिोगिता भी करवाई जाएगी। मेला कमेटी के वरिष्ठ सद्स्य सूबेदार सुखबीर सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को सुबह नैशनल कबड्डी शुरू की गई जिसमें विभिन्न स्थानों से आई टीमों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि रात्री को जागरण का आयोजन होगा। जिसमें गायक कलाकर धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। 14 जनवरी को सुबह 11 बजे से कुशति-कबड्डी व दौड शुरू होगी। नरेंद्र शस्त्री ने बताया कि मेले में पंहुचने वाले श्रद्धालेओं के लिए भंडारे का भी प्रबंध किया गया है।

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उपमंडल स्तरीय बैठक आज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय कनीना के प्रांगण में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने के लिए आज 14 जनवरी को एसडीएम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत करेगें। इस समारोह के मुख्यातिथि एसडीएम होगें जो तिरगें को सलामी देगें। राष्ट्रीय पर्व पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की दिशा में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों की ओर से रिहर्सल जारी है। समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां, एनसीसी कैडेटोंकी ओर से मार्च पास्ट, विद्यार्थियों द्वारा पीटी डंबल शो, योगा सहित देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगें।

# ग्रामीण क्षेत्र से 30 वर्षीय महिला लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से 30 वर्षीय महिला लापता हो गई। इस बारे में मंजीत ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी पत्नी बीती दृ जनवरी को बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने कुलदीप निवासी नरड,पिलानी राजस्थान पर महिला को लेजाने का आरोप लगाया है। उपरोक्त व्यक्ति महिला से दूरभसाष पर बातें करता था। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# माहभर व्यतीत होने के बाद भी नहीं हो पाया बागोत का मोहित का अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बाागोत निवासी 26 वर्षीय युवक मोहित के शव का माहभर का समय व्यतीत होने के बाद भी अंतिम संस्कार नहीं हो सका। पीडित पिता न्याय की मांग को लेकर हाईकोर्ट पंहुच गया है। सोमवार को इस बारे में केस दाखिल होने की संभावना है। अभी तक इस बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। विदित रहे कि 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा 13 दिसंबर 2024 की रात्री को फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 14 दिसंबर को कनीना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता कैलाश चंद प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर अडे हुए हैं जबकि पुलिस इस सम्बंध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने की बात कह रही है। इसी दांवपेच में उसका अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। ईधर बीते मंगलवार को कैलाशचंद ने बागोत में पत्रकार सम्मेलन आयोजित कर प्रशासन द्वारा कार्रवाई न करने पर परिवार को बचाने के लिए सप्ताहभर का समय दिया था जिसकी समयावधि मंगलवार 14 जनवरी को पूरी हो रही है। उन्होंने मकर सक्रांति के दिन जंगल में प्रस्थान कर जाने की चेतावनी दी थी। पिछले महिनेभर से मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनप रहा है। कैलाशचंद को अब हाईकोर्ट से न्याय की उम्मीद दिखाई दे रही है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# ठीक नहीं लग रहे ड्रेगन के मंशूबे: अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कॉम्बैट ड्रिल शुरू कर दी है। चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की शिनजियांग मिलिट्री कमांड के रेजिमेंट की अगुवाई में यह युद्धाभ्यास किया गया। कुल मिलाकर चीन के मंशूबे ठीक नहीं लग रहे हैं और न ही वो अपनी हरकतों से बाज आ रहे हैं। बता दें कि देपसांग और डेमचोक जैसे क्षेत्रों में गश्ती फिर से शुरू होना दोनों देशों के बीच के संबंधों में नरमी का संकेत देता है, लेकिन चीन की ओर से लगातार किए जा रहे सैन्याभ्यास से पता चलता है कि अभी स्थाई शांति का रास्ता लंबा और चुनौतियों भरा है।



चीन के इस कॉम्बैट ड्रिल में सभी इलाकों में इस्तेमाल लाए जाने वाहनों, मानव रहित सिस्टम और ड्रोन सहित सेना की उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया। चीन की ओर से यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है, जब भारत और चीन के बीच शांति बनाए रखने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने सैनिकों को पीछे हटाने और फिर से पेट्रोलिंग शुरू करने को लेकर 21 अक्टूबर 2024 को एक एग्रीमेंट हुआ था। यह एग्रीमेंट 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव को कम करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम था। इस समझौते के तहत दोनों देशों ने देपसांग और डेमचोक जैसे संवेदनशील इलाकों में गश्ती बहाल करने पर सहमति जताई थी। भारत के एनएसए अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह एग्रीमेंट हुआ था। इस एग्रीमेंट के बावजूद भी दोनों पक्षों के बीच अनिश्चितता बनी हुई है। दोनों देश कठिन परिस्थितियों में भी बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती किए हुए हैं।

चीन की ये ड्रिल महज ट्रेनिंग का हिस्सा नहीं है। चीन स्ट्रैटेजिक तरीके से ऐसा कर रहा है। वह विवादित क्षेत्रों में तेजी से सेना जुटा रहा है। उदाहरण के लिए एक्सोस्केलेटन के इस्तेमाल से चीनी सैनिकों को ऊंचाई वाले इलाकों में फायदा मिल रहा है और वे आसानी से सैन्याभ्यास कर पा रहे हैं।

ऐसे में भारत को सतर्क बने रहने और लद्दाख में सैन्य आधुनिकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय सेना भी शीतकालीन युद्धाभ्यास कर रही है, बुनियादी ढांचे को उन्नत कर रही है और चीन के किसी भी तरह के संभावित हमले मुकाबला करने के लिए अपने सर्विलांस सिस्टम क और मजबूत कर रही है।

## ऑनलाइन जुआ खेलने की लत, सब कुछ हारे... कर ली आत्महत्या

बेंगलुरु। बेंगलुरु में दो पुरुषों ने ऑनलाइन जुए में बड़ी रकम हारने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, दोनों ने मानसिक तनाव और पैसे की कमी के कारण आत्महत्या करने का कदम उठाया। वे लगातार ऑनलाइन जुआ खेलकर हार रहे थे, इससे वे आर्थिक रूप से टूट गए थे। पहली घटना 8 जनवरी को हुई, जब एक 30 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना 10 जनवरी को हुई, जब एक और 35 वर्षीय व्यक्ति ने भी अपने घर में जान दी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने इन दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्तियों ने अपने परिवार और दोस्तों से इस बारे में कोई बात नहीं की थी। जांच में सामने आया कि दोनों ने कई बार ऑनलाइन जुआ खेलकर अपनी सारी बचत खो दी थी। इसकारण वे मानसिक रूप से परेशान थे। पुलिस ने लोगों को ऑनलाइन जुए के खतरों के बारे में जागरूक करने की अपील की है।

## 12 लाख साल पुरानी बर्फ से पृथ्वी की जलवायु और पर्यावरण का परीक्षण

नई दिल्ली। दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिकों द्वारा 2.8 किलोमीटर की गहराई से ड्रिल करके बर्फ निकल गई है। इसे 12 लाख वर्ष पुरानी बर्फ माना जा रहा है। इस बर्फ का परीक्षण दुनिया के कई देश के वैज्ञानिक एक साथ मिलकर करेंगे। ताकि जलवायु और पर्यावरण में किस तरह के बदलाव आ रहे हैं। इसका अध्ययन किया जा सके। हिम युग में जो तापमान और ग्रीन हाउस मे गैसों के बीच के क्या संबंध था। पृथ्वी के बढ़ते तापमान पर इसका क्या असर भविष्य में हो सकता है। इसका परीक्षण वैज्ञानिक कर रहे हैं। इसके पहले यही टीम 8 लाख साल पुरानी बर्फ का नमूना निकाल चुकी है। अब 12 लाख साल पुरानी बर्फ का परीक्षण किया जाएगा। वैज्ञानिकों की इस टीम में 16 वैज्ञानिक हैं। जो पिछले 4 साल से अंटार्कटिका की कड़ी ठंड के बीच यह परीक्षण कर रहे हैं। इस परीक्षण के लिए बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी,इटली,नॉर्वे, स्वीडन, स्वीटजरलैंड, नीदरलैंड तथा ब्रिटेन की सरकारों द्वारा आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। इस परीक्षण से वैज्ञानिक यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। हिम युग से लेकर अभी तक किस तरह के बदलाव पृथ्वी में आए हैं। उसको जानने के लिए इस परीक्षण से बहुत बड़ी मदद मिलेगी।

## बारामूला के जंगल में लगी आग, वन विभाग और अग्निशमन की टीमें तैनात

बारामूला। बारामूला जिले के सोपोर के रामपोरा राजपोरा इलाके में जंगल में आग लग गई है। आग जो कंपार्टमेंट 33 और 38 में शुरू हुई ने जंगल के एक महत्वपूर्ण हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे हरा भरा क्षेत्र और वनस्पति को काफी नुकसान पहुंचा है। आग की लपटों पर काबू पाने के लिए वन सुरक्षा बल, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं सहित वन विभाग की टीमों को तैनात किया गया है। आग लगने का कारणों का पता नहीं चला सका है। यह घटना कश्मीर घाटी में लंबे समय तक शुष्क रहने और बढ़ते तापमान के कारण जंगल में लगने वाली आग का हिस्सा है। नमी की कमी ने इस क्षेत्र को अत्यधिक संवेदनशील बना दिया है, जिससे कई वन क्षेत्रों में कई बार आग लग जाती है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे उन्हें तुरंत ही आग की सूचना दें ताकि समय रहते बचाव कार्य शुरू किया जा सके। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें और स्थिति नियंत्रण में होने तक प्रभावित वन क्षेत्रों में ना जाएं।

## रांची में लाखों की ठगी कर भागा मुंबई, स्टाल लगा कर बेचने लगा चाऊमीन

**-पुलिस की टेक्निकल सेल ने ट्रेस कर दबोचा, जेल भेजा**

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में लाखों रुपए की ठगी करने के बाद आरोपी मुंबई भाग गया और पुलिस से बचने के लिए चाऊमीन का स्टाल लगाकर बेचने लगा। जब रांची में उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ तो पुलिस की टेक्निकल सेल ने उसे ट्रेस किया उसके बाद रांची पुलिस ने मुंबई से आरोपी रविंद्र राणा को गिरफ्तार किया। आरोपी रांची के सुखदेव नगर इलाके में एचआर एंटरप्राइजेज नाम से दुकान चलाता था। रांची के पुंदाग के रहने वाले कारोबारी शैलेंद्र कुमार पाठक ने रविंद्र राणा पर 22 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी राणा ने शैलेंद्र पाठक से इलेक्ट्रिकल तार खरीदने के लिए पैसे लिए थे। काफी दिन बीत जाने के बाद जब शैलेंद्र ने पैसे मांगे तो आरोपी राणा मोबाइल बंद कर मुंबई भाग गया। इतना ही नहीं आरोपी राणा ने शैलेंद्र को एक चेक भी दिया था जो बाउंस हो गया। राणा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद रांची पुलिस की टीम मुंबई गई और आरोपी को धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक फरार आरोपी राणा मुंबई जाने से पहले बिहार के गया और झारखंड के बोकारो में पनाह लिए हुए था। पुलिस ने वहां भी नोटिस भेजा, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फिर टेक्निकल सेल से जानकारी मिली कि आरोपी रविंद्र राणा मुंबई में रह रहा है और वहां चाऊमीन बेच रहा है। राणा को उसकी दुकान से ही गिरफ्तार कर रांची लाया गया और उसे जेल भेज दिया गया है।

## 70 फीट नीचे गिरने से हाथी की मौत

नीलगिरी। भोजन की तलाश में भटके एक हाथी 70 फीट नीचे गिरने से मौत हो गई। दरअसल, जलवायु परिस्थितियों में बदलाव के बाद हाथियों के कई झुंड भोजन और पानी की तलाश में केरल और तमिलनाडु के बीच वन क्षेत्र से आ रहे हैं। इस तरह के प्रवास के दौरान, कुछ हाथी भटक जाते हैं और दुर्गम इलाकों में चले जाते हैं। ऐसा ही एक हाथी जिसकी उम्र 33 साल है, उबड़-खाबड़ इलाके से गुजरते समय फिसलकर एक बड़ी चट्टान के ऊपर गिर गया था। वन अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई और वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि हाथी थोड़ा आगे बढ़ रहा था, लेकिन इसके पहले कि वन अधिकारी बचाव कर पाते, हाथी फिर फिसलकर गिर गया और 6वें हेयरपिन बेंड के पास एक खाई में जा गिरा।

## ओवैसी, पप्पू यादव और चंद्रशेखर के बीच पक रही सियासी खिचड़ी... महागठबंधन के लिए खतरा



मोतिहारी। बिहार की राजनीति में एनडीए और महागठबंधन के अलावा एक नए राजनीतिक समीकरण की सुगबुगाहट सुनाई दे रही है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम, जन अधिकार पार्टी के नेता पप्पू यादव और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद के बीच गठबंधन की चर्चा सियासी गलियारे में सुनाई दे रही है। यह पहल बीपीएससी पेपर लीक मामले में हुए बिहार बंद के दौरान सामने आई। एआईएमआईएम नेता और शिवहर के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राणा रंजीत सिंह ने मोतिहारी में संभावित गठबंधन के संकेत दिए। राणा का कहना है कि एनडीए और महागठबंधन अपने अहंकार में डूबे हुए है और बिहार को एक नए विकल्प की जरूरत है। सिंह के मुताबिक बिहार की जनता दोनों गठबंधनों से परेशान है, क्योंकि वे सिर्फ सत्ता की राजनीति में उलझे है और जनता के मुद्दों की अनदेखी कर रहे है। उन्होंने कहा कि अगर यह नया गठबंधन बनता है, तब यह बिहार को एक मजबूत और जनहितैषी विकल्प दे सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर गठबंधन साकार होता है, तब बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। तीनों नेताओं का एक साथ आना एनडीए और महागठबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: राहुल गांधी ने कांग्रेस के प्रचार अभियान का सीलमपुर से किया आगाज़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान का आगाज़ सीलमपुर से कर दिया है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में आयोजित एक जनसभा में उन्होंने कांग्रेस के लिए वोट मांगे और जनता से केंद्र में भाजपा तो दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकारों को बदलने का आह्वान किया।



इस रैली का आयोजन जय बापू, जय भीम, जय संविधान थीम के तहत किया गया था, जिसमें संविधान, सामाजिक न्याय और विकास पर जोर दिया गया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा, कि यह चुनाव दिल्ली की जनता के हक और संविधान की रक्षा के लिए है। कांग्रेस दिल्ली को फिर से एक बेहतर और सुरक्षित राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी निज़ामुद्दीन ने कहा, कि राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, जनता के मुद्दों को उठाने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। दिल्ली में उनकी यह पहली रैली पार्टी के लिए अहम है और इसे सफल बनाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटे हैं।

यहां बताते चलें कि सीलमपुर की यह रैली कांग्रेस के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कांग्रेस का प्रयास है कि इस क्षेत्र में अपने पारंपरिक जनाधार को फिर से मजबूत किया जाए। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी को होगी। राहुल गांधी की इस रैली के साथ ही कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को गति दे दी है और उम्मीद की जा रही है कि इससे पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

# दिल्ली की 27 सीटों पर हार-जीत तय करते हैं यूपी और बिहार के लोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की सत्ता में लगातार पूर्वांचलियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। यहां 22 फीसदी के करीब पूर्वांचली मतदाता हैं जो 27 विधानसभा सीटों पर हार जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि पूर्वांचलियों के सम्मान पर सियासत तेज हो गई है। कई ऐसी सीटें भी हैं जहां इनकी संख्या 25 से 38 फीसदी तक है। सभी राजनीतिक दलों ने पूर्वांचल समाज के लोगों को पार्टी में महत्वपूर्ण पदों के साथ-साथ टिकट देने में तवज्जो दी है। आम आदमी पार्टी की ओर से 2020 के चुनाव में पूर्वांचल के लोगों को 12 सीटों पर टिकट दिए थे। पार्टी ने इस बार भी करीब 12 पूर्वांचली चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है।

साल 2013 से पहले कांग्रेस ने भी पूर्वांचली मतदाताओं, ब्राह्मण और मुस्लिमों की सोशल इंजीनियरिंग के जरिए 15 साल दिल्ली की सत्ता पर राज किया। अब 2025 में हो रहे विधानसभा चुनाव में भी इनपर सभी दलों की नजरें हैं। इसी हिसाब से सभी दल अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं और टिकट वितरण में इसका खास ध्यान रख रहे हैं। पूर्वांचली मतदाता अधिकांश कच्ची कॉलोनियों में रहते हैं। वहां पर कई समस्याओं का सामना निवासियों को करना पड़ रहा है। इन कॉलोनियों में खासकर पानी की आपूर्ति, सीवर नेटवर्क, सड़कों की प्रमुख समस्या है। साथ ही कई जगह डिस्पेंसरी भी नहीं है। इनके अलावा रोजगार इनका प्रमुख मुद्दा है।



राजधानी दिल्ली की सियासत में पूर्वांचली मतदाताओं का स्थान काफी अहम है। चुनाव में ये मतदाता जिस ओर जाएंगे, उस राजनीतिक दल का पलड़ा सबसे भारी नजर आएगा। ऐसे में पूर्वांचली मतदाताओं की बड़ी संख्या की वजह से ही भाजपा ने भोजपुरी गायक मनोज तिवारी को दिल्ली में स्थापित किया और लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया। यहां के मतदाताओं ने भी मनोज तिवारी को अपना आशीर्वाद दिया और तीनों बार बड़े अंतर से जीत दिलाई। वर्ष 2016 में भाजपा ने मनोज तिवारी को दिल्ली भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया और उनके नेतृत्व में 2017 में दिल्ली नगर निगम का चुनाव लड़ा। इन्हीं पूर्वांचली मतदाताओं के सहारे भाजपा ने चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया और दिल्ली नगर निगम में काबिज हुई। इन चुनाव में भाजपा के 181 पार्षद, आप के 49 और कांग्रेस के 31 पार्षद जीतकर नगर निगम में पहुंचे थे। मनोज तिवारी को पूर्वांचल का चेहरा बनाने से भाजपा को चुनाव में काफी फायदा हुआ।

पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के इन प्रवासी लोगों के भरोसे ही वर्ष 2020 में जदयू, आरजेडी और लोजपा ने भी दिल्ली में उम्मीदवार उतारे थे। लोजपा और जेडीयू ने एनडीए गठबंधन में तो आरजेडी ने कांग्रेस से गठबंधन कर चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, इन्हें दिल्ली चुनाव में मतदाताओं ने ज्यादा तवज्जो नहीं दी थी। पिछले चुनाव में आप और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला था।

## आस्था से विदेशी सराबोर: कोई बना नागा साधू तो किसी ने खुद को बताया पिछले जन्म का भारतीय

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इटली से आई एमा और उनके दो दोस्तों के लिए महाकुंभ का अनुभव कुछ विशेष है। एमा, जो योग शिक्षिका हैं, भारत की संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति गहरी रुचि रखती हैं, ने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैं अपने पिछले जन्म में भारतीय थी। भारतीय संगीत, भजन और कीर्तन मुझे बहुत पसंद हैं। महाकुंभ में यहां की व्यवस्था अद्भुत है। एमा और उनके दोस्त इस बार कुंभ में भाग लेने आए हैं और दुनिया के सबसे बड़े सामूहिक स्नान का अनुभव करना चाहते हैं।

एमा के साथी पिएत्रो और स्टीफानो भी इस यात्रा से प्रभावित हैं। पिएत्रो ने कहा, मैं योग साधक हूं और भारतीय संस्कृति का थोड़ा ज्ञान है। कुंभ मेला सनातन धर्म का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है। स्टीफानो ने बताया, मेरे रूसी दोस्तों ने इस आयोजन के बारे में जो अनुभव साझा किए, उसने मुझे यहां आने के लिए प्रेरित किया। इस साल महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जो गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में अमृत स्नान करेंगे।महाकुंभ, जो हर 12 साल में एक बार आयोजित होता है, आज से पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुरू हो गया है। इस बार महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ लोग शामिल होने की उम्मीद है। संगम के तट पर गंगा, यमुना और सरस्वती के मिलन स्थल पर एक विशाल मेला स्थल तैयार किया गया है, जहां देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु आकर पवित्र स्नान करेंगे।



महाकुंभ में सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। 2,700 एआई कैमरे और 113 पानी के नीचे के ड्रोन जलमार्गों की निगरानी करेंगे, जबकि पांच वज्र वाहन, 10 ड्रोन और चार एंटी-सैबोटाज टीमें चौबीसों घंटे गश्त करेंगी। प्रयागराज पुलिस ने लगभग 40,000 पुलिसकर्मियों और साइबरक्राइम विशेषज्ञों के साथ व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। महाकुंभ के पहले दिन, 13 जनवरी को लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए पहुंचे। 50 लाख श्रद्धालुओं ने रविवार को डुबकी लगाई, और अब तक करीब 17 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा, और श्रद्धालु इस दौरान कल्पवास करने के लिए संगम तट पर एक महीने तक रहेंगे।

## नवी मुंबई में बनकर तैयार हुआ इस्कॉन मंदिर, 15 को पीएम मोदी के हाथों लोकार्पण

**मंदिर के निर्माण में करीब 200 से 250 करोड़ रुपए की लागत आई**

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** नवी मुंबई के खारघर में स्थित इस्कॉन मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। यह मंदिर करीब 9 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें से 2.5 एकड़ क्षेत्र में भव्य मंदिर बना है। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इस भव्य मंदिर का लोकार्पण होगा। इससे पहले, 9 जनवरी से यहां सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आगाज हो चुका है। भजन सम्राट अनूप जलोटा भी अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। इसके अलावा, अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी भी कार्यक्रम में शामिल होने वाली हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि पहले जब वे गीता का प्रचार करने के लिए दूर-दूर से आते थे, तब लोगों ने उन्हें यहां एक मंदिर बनाने की सलाह दी थी। इसके बाद, उन्होंने सिडको से जमीन लेकर मंदिर बनाने का काम शुरू किया। मंदिर के निर्माण में करीब 200 से 250 करोड़ रुपए की लागत आई है और अब यह भव्य मंदिर तैयार हो चुका है। इस्कॉन मंदिर के महाराज सुर दास महाराज ने बताया, जब मैं प्रचार करता था, तब लोग मुझसे कहते थे कि आप प्रचार करने के लिए आते हैं, तब यहां एक मंदिर भी बनवा दीजिए। मैंने सोचा कि यह सब कैसे होगा? जमीन बहुत महंगी है। लोग बोले, सेठ के पास जाइए, तब मैंने आवेदन किया। यह प्रक्रिया सात साल तक चली और उसके बाद हमें जमीन मिली। तब 3,500-4,000 करोड़ रुपए जमीन में लगे थे। अब तक पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 200 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इस मंदिर को बनाने में भक्तों का बहुत योगदान है, जिनकी मदद से हम ये मंदिर बना पाए। मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस मंदिर के निर्माण में सहयोग किया। महाराज ने कहा, हमारे अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावना संघ का क्षेत्र लगभग नौ एकड़ में फैला हुआ है, इसमें पांच एकड़ में सुंदर बाग़ीचा तैयार किया है। आजकल मुंबई में हरियाली की कमी है, लेकिन हम लोगों ने मंदिर के अंदर हरियाली बढ़ाई है। यहां आकर लोग शांति और शुद्ध वातावरण का अनुभव करते हैं। इस स्थान पर ठाकुर जी राधा-मदनमोहन, ललिता-विशाखा, सीता-राम और हनुमान जी का विग्रह स्थापित होगा और यह स्थान सभी भक्तों को आशीर्वाद देगा। उन्होंने कहा कि, हमारे यहां बहुत सारे सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम होते हैं, जिसमें आप भी भाग ले सकते हैं। हमारे आयुर्वेदिक कॉलेज में भागवत गीता, भागवतम और आत्मज्ञान से संबंधित अन्य ग्रंथों की शिक्षा दी जाती है। यहां एक सुंदर भोजनालय भी है, जो प्रभुपाद जी ने गोविंदाज नाम से स्थापित किया था। हर रविवार को यहां मुफ्त प्रसाद मिलता है। लेकिन, इसका उद्देश्य केवल भोजन देना नहीं है, बल्कि साथ में भागवत गीता और आत्मज्ञान भी देना है। हम प्रसाद के साथ भगवान का नाम और ज्ञान प्रदान करते हैं और यह तरीका लोगों को बहुत पसंद आता है।

# दो मुस्लिम चेहरों के बीच भाजपा का हिंदू कार्ड कितना दिखाएगा असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 29 सीटों पर उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी अभी तक कुल 58 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। उम्मीदवारों के ऐलान में जातिगत समेत कई तरह की समीकरणों का ध्यान रखा गया है। 27 सालों से दिल्ली में सत्ता का इंतजार कर रही भाजपा ने अभी तक किसी सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है।

पार्टी ने तीन ऐसी सीटों पर भी हिंदू चेहरे दिए हैं जिन पर आप और कांग्रेस ने दोनों ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी की कोशिश दो मुस्लिम उम्मीदवारों के बीच हिंदू वोटर्स को अपने पक्ष में गोलबंद करने की है।पुरानी दिल्ली की बल्लीमारान की मुस्लिम बहुल सीट पर भाजपा ने कमल बागड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है, जो रामनगर वार्ड से पार्षद हैं। भाजपा ने यहां दो मुस्लिम उम्मीदवारों के बीच बागड़ी को उतारा है। आप ने इस सीट पर इमरान हुसैन को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने दिग्गज नेता हारुन यूसुफ को पर दांव लगाया है। यहां दोनों ही मुस्लिम उम्मीदवार बेहद मजबूत हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दो बड़े मुस्लिम चेहरों के बीच इस जंग का फायदा बागड़ी उठा सकते हैं।

मटिया महल भी दिल्ली की एक मुस्लिम बहुल सीट है। भाजपा ने दिल्ली गेट से भाजपा की पूर्व पार्षद प्रत्याशी और युवा नेता दीप्ति इंदौरा पर भरोसा जताया है। मटिया महल सीट पर आम आदमी पार्टी ने शोएब इकबाल पर भरोसा जाता है तो कांग्रेस ने असीम अहमद खान को टिकट दिया है।

वहीं सीलमपुर में भी मुस्लिम वोटर्स ही हार जीत तय करते हैं। इस सीट पर अभी तक सिर्फ मुस्लिम उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। लेकिन भाजपा ने एक बार फिर हिंदू चेहरे पर दांव लगाया है। भाजपा ने अनिल गौड़ को टिकट दिया है। अनिल गौड़ मौजपुर से निगम पार्षद हैं। आप ने यहां से चौधरी जुबैर अहमद को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने आप के बागी विधायक अब्दुल रहमान को उतारा है। देखना दिलचस्प होगा कि क्या जुबैर और अब्दुल रहमान के बीच अधिक से अधिक मुस्लिम वोटर्स को पाने की जंग का फायदा अनिल गौड़ उठा पाएंगे?



# मुंबई के जवेरी बाजार का होगा कायाकल्प, पर कारोबारी चिंतित!

**- काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर विकास करने की योजना**

**मुंबई ।** देश की आर्थिक राजधानी कहलाने वाली मुंबई नगरी का नाम जिन मुंबा देवी के नाम पर पड़ा है, उनके मंदिर का भी काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर` विकास करने की योजना बनाई जा रही है। मगर मंदिर के आसपास गलियारा तैयार करने की इस योजना से जवेरी बाजार के कारोबारी मु श्किल में फंस गए हैं। वे खुश तो हैं क्योंकि मंदिर के विकास के साथ ही उनके बाजार का कायाकल्प भी हो जाएगा। मगर कई कारोबारियों को इस कवायद में अपना कारोबार उजड़ने की चिंता भी सता रही है। महाराष्ट्र सरकार ने 2023 में पूरे जोर-शोर से मुंबा देवी मंदिर कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया था और उसके लिए भूमि पूजन भी कर दिया गया था। इस परियोजना के तहत अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक गलियारा तैयार करने का भी प्रस्ताव है, जिसके बाद मुंबई का यह सबसे पुराना कारोबारी इलाका आधुनिक सुविधाओं से चमचमा जाएगा और स्थानीय व्यापारियों का जुड़ाव सीधे वैश्विक बाजार से हो जाएगा। परियोजना का सबसे बड़ा फायदा जवेरी बाजार और दागिना बाजार को ही मिलना है, जो देश में सोने-चांदी की सबसे बड़ी मंडियां हैं। तकरीबन ढाई किलोमीटर दायरे में फैला जवेरी बाजार करीब 150 साल पुराना है और यहां 7,000 से ज्यादा छोटी-बड़ी दुकानें हैं। बताते हैं कि 19वीं सदी की शुरुआत में अंबालाल जवेरी नाम के एक जौहरी यहां कारोबार करते थे, जिनके यहां मिलने वाले सोने की शोहरत दूर-दूर तक फैली थी। उन्हीं के नाम पर इस बाजार का नाम जवेरी बाजार पड़ा। मगर उनकी मृत्यु के बाद पूरा कारोबार पारिवारिक विवाद की भेंट चढ़ गया। बहरहाल जवेरी बाजार तब से आज तक बढ़ता ही जा रहा है। इस बाजार में रोजाना 200 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी का कारोबार होता है।

## देश में 2025-26 में ईवी की पहुंच बढ़ने की उम्मीद: एचएमआईएल



**चेन्नई ।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि कंपनी को 2025 और 2026 में देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की पहुंच के तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी अपनी लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा के ईवी संस्करण के साथ इलेक्ट्रिक वाहन खंड में प्रवेश करने के लिए तैयार है। इसकी भविष्य में चार इलेक्ट्रिक वाहन और लाने की भी योजना है। अे धिकारी ने कहा कि भारत विद्युतीकरण के शुरुआती चरण में है। पिछले साल हमने करीब 2.4 प्रतिशत विद्युतीकरण देखा। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि 2025 और 2026 इलेक्ट्रिक वाहनों की पहुंच में तेजी आएगी और क्रेटा ईवी इसमें अग्रणी भूमिका निभाएगी। वर्ष 2024 में भारतीय यात्री वाहन खंड में करीब 43 लाख इकाइयों की रिकॉर्ड बिक्री हुई। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के एक आंतरिक अध्ययन तथा कुछ बाहरी सलाहकारों के विचारों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 2030 तक ईवी की पहुंच 17 प्रतिशत हो सकती है। हुंदै क्रेटा ईवी के अलावा मारुति सुजुकी इंडिया 17-22 जनवरी तक आयोजित होने वाले भारत मोबिलिटी ग्लोबल के ऑटो शो 2025 में अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई विटारा' को भी पेश करने को तैयार है।

## मुकेश अंबानी की लिस्टेड कंपनियों से आगे निकला अडाणी समूह

**अदाणी समूह ने 2024 में 6.32 अरब डॉलर के सौदे किए**



**नई दिल्ली ।** विलय-अधिग्रहण के क्षेत्र में अदाणी और अंबानी समूहों के बीच वर्षों से जारी प्रतिस्पर्धा ने पिछले वर्ष 2024 एक नया मोड़ लिया। अदाणी समूह ने 2024 में 6.32 अरब डॉलर के सौदों के साथ रिलायंस समूह को पछाड़ दिया, जिसने इस दौरान 3.14 अरब डॉलर के सौदे किए। 2023 में हालांकि, रिलायंस समूह ने 8.77 अरब डॉलर के सौदों के साथ वर्चस्व कायम किया था, जबकि अदाणी समूह ने मात्र 1.73 अरब डॉलर के सौदे किए। लेकिन 2024 में अदाणी समूह ने सीमेंट और अन्य क्षेत्रों में अपने बड़े निवेशों के साथ बढ़त हासिल की। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार 2024 में भारत के शीर्ष 5 समूहों की सूचीबद्ध कंपनियों ने 15.28 फीसदी हिस्सेदारी के साथ 98.7 अरब डॉलर के सौदों को अंजाम दिया। टाटा और आदित्य बिड़ला समूहों ने क्रमशः 1.7 अरब डॉलर और 1.6 अरब डॉलर के सौदे किए। निजी इक्विटी और सॉवरिन निवेशकों ने 2024 में प्रमुख भूमिका निभाई। भारती ग्लोबल ने ब्रिटेन की बीटी ग्रुप में 4 अरब डॉलर का निवेश कर विदेशी बाजारों में सबसे बड़ा सौदा किया। वहीं अदाणी समूह ने सीमेंट क्षेत्र में अंबुजा सीमेंट्स के जरिए 1.2 अरब डॉलर में पेन्ना सीमेंट और 44 करोड़ डॉलर में ओरियंट सीमेंट में हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। विशेषज्ञों के अनुसार 2025 में भारतीय कारोबारी समूहों के विलय-अधिग्रहण प्रयासों में और तेजी आने की संभावना है। बाजार के जानकारों ने कहा कि भारत में विलय-अधिग्रहण गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। भू-राजनीतिक जरूरतें, अनिश्चितताएं, और बढ़ती ब्याज दरें इस क्षेत्र को प्रभावित कर रही हैं। भारतीय समूह वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 में शामिल हो रहे हैं, जो उनकी बढ़ती ताकत का प्रमाण है। 2024 में भारतीय बाजारों में हुई गतिविधियां यह दिखाती हैं कि भारतीय कंपनियां न केवल घरेलू बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी स्थिति मजबूत करने में सफल हो रही हैं।

## इस साल अमेरिकी शेयर बाजार गिरा तो सबसे ज्यादा नुकसान भारत को होगा?

**-सेंसेक्स पिछले 6 महीने में करीब 4 फीसदी गिरा**


**नई दिल्ली।** निवेश के लिए 2025 शेयर मार्केट के लिए संकटभरा हो सकता है। एक रिपोर्ट में एक्सपर्ट के मुताबिक साल 2025 में अमेरिकी शेयर बाजार औंधे मुंह गिर सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इसके असर से भारत समेत दुनिया के दूसरे देशों का शेयर बाजार भी प्रभावित होगा और इनमें भी गिरावट आ सकती है। सबसे ज्यादा खतरा भारतीय शेयर मार्केट हो सकता है, जो इस समय गिरावट के दौर से गुजर रहा है। सेंसेक्स पिछले 6 महीने में करीब 4 फीसदी गिर गया है। नए साल 2025 की शुरुआत तो अच्छी हुई थी, लेकिन उसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरु हो गई। 2 जनवरी के बाद से शेयर मार्केट लगातार गिर रहा है। तब से अब तक इसमें 3 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है। शुक्रवार को भी मार्केट गिरावट के साथ बंद हुआ था।

इस समय अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी बनी हुई है। पिछले दो सालों से यह तेजी के दौर से गुजर रही है। नसदाक पिछले एक साल में 28 फीसदी उछला है। वहीं दो साल में इसमें करीब 73 फीसदी की तेजी आई है। एसएंडपी 500 में भी काफी तेजी रही। एसएंडपी 500 में अमेरिका की टॉप 500 कंपनियां लिस्ट हैं। इसमें एक साल में करीब 22 फीसदी और दो साल में 45 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा कारण अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व रहेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी निवेशकों के मन में 2025 में अमेरिकी शेयर बाजार के भविष्य को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि फेड के वर्ष 2025 के लिए किए गए आर्थिक अनुमान गलत साबित हो सकते हैं। ऐसे में फेडरल रिजर्व के अधिकारी इस वर्ष ब्याज दरों में वृद्धि कर सकते हैं। अमेरिकी शेयर बाजार को उम्मीद है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपने पिछले कुछ आर्थिक अनुमानों के आधार पर वर्ष 2025 में दरों में कटौती जारी रख सकता है। वहीं दूसरी ओर फेड रिजर्व ब्याज दरों में वृद्धि करने का फैसला ले सकता है। जानकारों के मुताबिक ऐसा होने पर अमेरिकी शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट आ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत है और मुद्रास्फीति फेडरल रिजर्व की अपेक्षा से ज्यादा स्थिर है।

# अब करदाता 31 जनवरी से पहले अपने टैक्स विवादों का कर सकते हैं निपटारा

**- पहले समय सीमा 31 दिसंबर 2024 थी**

**नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने विवाद से विश्वास योजना के अंतर्गत टैक्स विवादों के निपटारे के लिए घोषणा दाखिल करने की अंतिम तारीख को बढ़ा दिया है। यह योजना टैक्सपेयर्स को टैक्स विवादों में छूट प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती है। पहले समय सीमा 31 दिसंबर 2024 थी, लेकिन अब यह 31 जनवरी 2025 कर दी गई है। डायरेक्ट टैक्स विवाद से विश्वास योजना के नियमों के अनुसार, टैक्सपेयर्स को इस योजना के तहत घोषणा दाखिल करने पर सिर्फ 100 फीसदी विवादित टैक्स राशि चुकानी होती है और उन्हें ब्याज और पेनल्टी माफ कर दी जाती है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने यह निर्णय लिया ताकि करदाताओं को और अधिक समय मिल सके टैक्स विवादों को सुलझाने के लिए। योजना टैक्सपेयर्स को अपने विवादित टैक्स की राशि चुकाने का मौका देती है और उन्हें सरलता से निपटारा करने की सुविधा प्रदान करती है। इस योजना के तहत, करदाताओं को नए और अपडेटेड जानकारी भी प्रदान की गई है जो उन्हें योजना के तहत अपने टैक्स विवादों को सुलझाने में मदद कर सकती है।




इस योजना के जरिए, आयकर विभाग और करदाता के बीच लंबित विवादों का समाधान किया जा रहा है और करदाताओं को अपने टैक्स के सभी विवादों को सुलझाने का एक मार्ग प्रदान किया जा रहा है।

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 58 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ ही 86.62 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में रुपये में गिरावट जारी रही। अस्थिर वैश्विक संकेतों के बीच मजबूत अमेरिकी मुद्रा के कारण वह 27 पैसे टूटकर 86.31 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव बना। आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 प्रति डॉलर पर खुला। वहीं शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले ये सर्वकालिक निचले स्तर 86.31 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की भारी गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटकर 86.04 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22



## महिंद्रा थार रॉक्स ने जीता 2025 इंडियन कार ऑफ द ईयर का खिताब

**महिंद्रा की इस गाड़ी का भारतीय बाजार में चलता है सिक्का**

**मुंबई ।** महिंद्रा ने फिर अपनी बादशाहत साबित करते हुए 2025 इंडियन कार ऑफ द ईयर (आईसीओटीवॉय) का खिताब जीत लिया है। महिंद्रा की नई थार रॉक्स ने यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल कर इतिहास बना दिया। यह एसयूवी मारुति सुजुकी डिजायर और स्विफ्ट जैसी लोकप्रिय कारों को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान पर रही। थार रॉक्स को अगस्त 2024 में लांच किया गया था और लांच के बाद से ही यह ग्राहकों की पसंदीदा बन गई है। आईसीओटीवॉई अवॉर्ड की दौड़ में महिंद्रा थार रॉक्स ने कुल 139 अंक हासिल किए, जो मारुति सुजुकी डिजायर (137 अंक) और स्विफ्ट (83 अंक) से आगे ले गए। रेस में एमजी विंडसर, टाटा क्रेव और क्रेव.ईवी, टाटा पंच ईवी, बीवॉयडी, और सिट्रोएन बेसाल्ट जैसी दिग्गज गाड़ियां भी शामिल थीं, लेकिन थार रॉक्स ने अपनी अलग पहचान बनाई। थार रॉक्स अपने दमदार इंजन, प्रीमियम फीचर्स और आकर्षक डिजाइन के कारण न केवल ऑफ-रोडिंग के लिए बल्कि शहरी इस्तेमाल के लिए बेहतर है। इसकी कीमत और फीचर्स का संतुलन बाजार में अन्य प्रतिस्पर्धियों से अलग बनाता है। महिंद्रा थार रॉक्स की यह उपलब्धि ब्रांड की विश्वसनीयता और बाजार में बढ़ती लोकप्रियता को दिखाती है। अगर आप एक ऐसी एसयूवी की तलाश में हैं जो स्टाइलिश हो, परफॉर्मेंस में बेहतरीन हो और आपकी हर जरूरत को पूरा करे, तो महिंद्रा थार रॉक्स आपके लिए परफेक्ट विकल्प है।

## भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र विश्व में तीसरे स्थान पर :रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने 2024 में मंदी का सामना करते हुए भी वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर अपनी प्रतिष्ठा कायम रखी है। इस क्षेत्र में हालात में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे वित्त पोषण में 1.9 अरब डॉलर की कमी आई है। एक मार्केट इंटेलिजेंस कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं और व्यापक मंदी के कारण इस क्षेत्र में वित्त पोषण में कमी आई है। इसके बावजूद, भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने 2024 में सिर्फ अमेरिका और ब्रिटेन के पीछे रहकर तीसरी पोजीशन बनाए रखी है। कंपनी की सह-संस्थापक ने कहा कि भारत का वित्तीय प्रौद्योगिकी परिदृश्य मजबूत है और मंदी के बावजूद यह क्षेत्र भले ही कठिनाइयों का सामना कर रहा हो, लेकिन उसकी फलने-फूलने की क्षमता को रेखांकित करता है। वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 2024 में दो नए 'यूनिकॉर्न' कंपनियाँ उभरी हैं, जिनका मूल्यांकन अरब डॉलर के ऊपर है, आठ आईपीओ आए जो 2023 के दो आईपीओ की तुलना में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज की हैदराबाद में पहली आवासीय परियोजना शुरू

**- कंपनी का 1,300 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य**




**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने हैदराबाद में अपनी पहली आवासीय परियोजना शुरु कर दी है, कंपनी को इस आवासीय परियोजना से करीब 1,300 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में हैदराबाद में अपनी पहली प्रीमियम आवासीय परियोजना 'गोदरेज मैडिसन एवेन्यू' की शुरुआत की घोषणा की। कंपनी सूचना के अनुसार हैदराबाद के कोकापेट में तीन एकड़ भूमि पर फैली इस परियोजना में करीब 12 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र होगा। इसकी अनुमानित बुकिंग कीमत करीब 1,300 करोड़ रुपये होगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के अे धिकारी ने कहा कि हम हैदराबाद में अपनी पहली परियोजना शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं, जो हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोकापेट रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान है और बुनियादी ढांचागत लाभ इसे प्रीमियम आवासीय विकास के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। कंपनी की मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), बेंगलुरु और पुणे आवास बाजारों में मजबूत उपस्थिति है। अब इसने हैदराबाद शहर में प्रवेश किया है।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट , सेंसेक्स में 1048 अंक नीचे आया, निफ्टी भी 345 अंक गिरा

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1048 अंक टूटकर 76,330 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 345 अंक नीचे आकर 23,085 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार बाजार में गिरावट दिसंबर में अमेरिकी नौकरियों में तेजी आने से आई है। इससे अमेरिका में 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 14 महीने के सबसे उंचे स्तर पर पहुंच गई। इससे 2025 में कम दरों में कटौती की संभावना और बढ़ गई, जिससे बाजार में निवेश की संभावन कम हुई है।

इसके अलावा 10 वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड यील्ड बढ़कर 4.73 फीसदी हो गई, जो अप्रैल के बाद से सबसे अधिक है। इससे भी घरेलू बाजार पर दबाव आया है। मजबूत जॉब डेटा और सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के बाद ऐसा हुआ है। विश्लेषकों को उम्मीद है कि जनवरी में फेड दरें बनाए रखेगा, जिससे डॉलर और मजबूत होगा और बॉन्ड यील्ड बढ़ेगी। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेजी से एफआईआई बिकवाली जारी रखेंगे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई ) और विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने 2025 में बिकवाली का सिलसिला जारी रखा है। जिससे भी भारतीय बाजार पर दबाव आया है। तेल की कीमतें तीन महीने से ज्यादा के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। रूस पर व्यापक अमेरिकी प्रतिबंधों से बॉन्डभारत को कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी। ब्रेंट क्रूड वायदा 1.35 डॉलर या 1.69 फीसदी बढ़कर 81.11 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो 27 अगस्त के बाद सबसे ज्यादा है। इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। महंगाई के आंकड़ों, कमजोर ग्लोबल संकेतों और दिसंबर तिमाही के परिणामों को लेकर अनिश्चितता की वजह से बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 843.67 अंक गिरकर 76,535.24 और निफ्टी 258.8 अंक गिरकर 23,172.70 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशिया-




प्रशांत के बाजारों ने हफ्ते की शुरुआत कमजोर की है। शुक्रवार को आए मजबूत अमेरिकी जॉब डेटा के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा जल्दी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गईं। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.84` फीसदी ` गिरा और कोरिया का कोस्पी भी 0.4 फीसदी की गिरावट पर है। जापान के बाजार सोमवार को छुट्टी के कारण बंद रहे। अमेरिका में शुक्रवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज हुई। डाओ जोंस और नेस्डेक गिरावट के साथ बंद हुए। दिसंबर में अमेरिका में 2,56,000 नई नौकरियां जुड़ीं, जो 1,55,000 के अनुमान से कहीं ज्यादा थीं। बेरोजगारी दर भी घटकर 4.1 फीसदी रही। इस मजबूत जॉब डेटा के चलते ट्रेजरी यील्ड बढ़ी और 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 2023 के अंत के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई।

# व्यापार और सहयोग को लेकर काठमांडू में बैठक, कई समझौतों पर चर्चा के बाद बनी सहमति

**नई दिल्ली।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनधिकृत व्यापार से निपटने के उपायों और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। नेपाल के अनुरोध पर भारत ने 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति करने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान नेपाली प्रतिनिधिमंडल ने आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में मदद के लिए भारतीय सरकार का आभार व्यक्त किया। बैठक में दूध उत्पादों, जैसे मट्ठा और पनीर के निर्यात की समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

भारत, नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश साझेदार है और नेपाल के आयात-निर्यात में एक अहम भूमिका निभाता है। बैठक में भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपसी बाजार पहुंच, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), और शुल्क संबंधी मुद्दों की समीक्षा की। इसके साथ ही, व्यापार और आवागमन संधि में सुधार, मानकों के सामंजस्य, और रक्सौल-बीरगंज रेल लाइन के विद्युतीकरण जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के उपायों पर जोर दिया। सीमा पार व्यापार में सुधार और सुविधाओं को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से विचार-विमर्श किया गया। यह बैठक भारत और नेपाल के व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।नेपाली पक्ष के अनुरोध पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इसके अलावा, दोनों देशों के बीच नई एकीकृत चेक पोस्ट और रेलवे लिंक बनाने की योजना पर भी चर्चा हुई। यह पहल भारत और नेपाल के बीच निर्बाध सीमा पार संपर्क को मजबूत करेगी। बैठक में नई चेक पोस्ट और रेलवे लिंक के निर्माण की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग का स्वागत किया गया।



## रुपए की गिरावट: बढ़ जाएगी महंगाई, आम जनता की जेब पर पड़ेगा दबाव

**- विदेश जाना हो सकता है सस्ता**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रुपया ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.31 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचकर रुपए की मूल्य को कमजोर कर दिया है। इस गिरावट की वजह से न केवल सरकार, बल्कि आम जनता की भी जेब पर दबाव बढ़ रहा है।

**क्या हो सकता है महंगा**


1. पेट्रोल-डीजल- रुपए में कमजोरी से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का आयात महंगा हो सकता है, जिससे पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। इससे महंगाई में इजाफा हो सकता है।

2. दाल और खाने का तेल- डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी से घरेलू बाजार में खाद्य तेलों और दालों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे आम जनता की जेब दबाव बढ़ सकता है।

3. शिक्षा- विदेश में शिक्षा पाने वाले छात्रों के लिए यह खर्च बढ़ सकता है क्योंकि हर डॉलर के लिए अधिक रुपए चुकाने पड़ सकते हैं।

4. विदेश यात्रा- वहीं रुपए की गिरावट से विदेशी टूरिज्म सस्ता हो सकता है, जिससे यात्रा करने वालों को फायदा मिलेगा। साथ ही भारतीय निर्यातकों को भी ज्यादा मुनाफा होगा क्योंकि उनके उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे।

## दिसंबर 2024 में चीन का निर्यात 10.7 प्रतिशत बढ़ा



**हांगकांग ।** चीन के निर्यात में दिसंबर 2024 में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार शुल्क लगाने की चेतावनी से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच चीन के कारखानों ने ऑर्डर तेजी से पूरा` किया है जिससे देश के निर्यात बढ़ा गई। अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर 2024 में इसमें करीब सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। इस अवधि में चीन का आयात भी अनुमान से अधिक रहा और इसमें एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें 1.5 प्रतिशत की कमी का अनुमान था। गौरतलब है कि ट्रंप ने चीन की उन वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने का संकल्प किया है, जिनका उपयोग निर्यातक वर्तमान में अमेरिका में अपने उत्पादों को सस्ते दामों पर बेचने के लिए करते हैं। आयात की तुलना में निर्यात अधिक होने से चीन का व्यापार अधिशेष बढ़कर 104.84 अरब डॉलर हो गया।

# आईपीएल 2025: इस मामले में इतिहास रच देंगे श्रेयस अय्यर, बन जाएंगे भारत के पहले क्रिकेटर

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने बीते रविवार को श्रेयस अय्यर को टीम का नया कप्तान घोषित किया है। वे आईपीएल 2025 में पंजाब की कमान संभालते हुए नजर आएंगे। जब वे पहले मैच में कप्तान करेंगे तो ये भारतीय क्रिकेटर के तौर पर एक इतिहास लिखा जाएगा। वे भारत के पहले ऐसे कप्तान बन जाएंगे, जिन्होंने दो से ज्यादा टीमों की कप्तानी की है। अभी तक सिर्फ दो ही क्रिकेटर ऐसा कर पाए हैं, लेकिन दोनों विदेशी थे। किसी भारतीय को पहली बार तीन टीमों की कप्तानी करने का मौका मिला है।

21 मार्च से आईपीएल 2025 की शुरुआत होनी है। पंजाब ने 26.75करोड़ रुपये में दाएं हाथ के मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को खरीदा था। केकेआर को उन्होंने कप्तानी करते हुए 2024 में चैंपियंस बनाया था। ऐसे में वे इस समय आईपीएल चैंपियंस कप्तान हैं। लेकिन चैंपियंस टीम का हिस्सा नहीं हैं। बता दें कि, श्रेयस अय्यर 18 सीजन में पंजाब किंग्स के 17वें कप्तान हैं। किसी भी अन्य टीम ने इतने कप्तान नहीं बदले हैं जितने पंजाब किंग्स ने बदले हैं।

श्रेयस अय्यर ने आईपीएल में इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह तीन आईपीएल टीमों की कप्तानी हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। अय्यर 2018 सीजन के मध्य से 2020 तक दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे और एक सीजन उन्होंने टीम को फाइनल में भी पहुंचाया। वहीं आईपीएल 2022 से 2024 तक वे केकेआर के कप्तान रहे। वह आईपीएल इतिहास में दो टीमों के साथ आईपीएल फाइनल खेलने वाले एकमात्र कप्तान भी हैं।



## गंभीर को पाखंडी कहने वाले बयान से पलटे मनोज तिवारी, मीडिया पर लगाया आरोप




**स्पोर्ट्स डेस्क ।** भारत के पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर को पाखंडी कहने के कुछ दिन बाद अपना रुख स्पष्ट किया है। ट्विटर पर तिवारी ने अपने 20 मिनट के साक्षात्कार में एक खास हिस्से को एडिट करने और चलाने के लिए मीडिया को दोषी ठहराया है। 9 जनवरी को एक साक्षात्कार में बंगाल के पूर्व कप्तान ने मौजूदा मुख्य कोच पर निशाना साधते हुए उन्हें पाखंडी कहा था जो 'अपनी बात पर खरा नहीं उतरता'। तिवारी ने मुख्य कोच के रूप में गंभीर की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि पूर्व सलामी बल्लेबाज में स्पष्टता और निश्चित कोचिंग शैली का अभाव है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की हार और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने में उनकी विफलता के मद्देनजर उनकी कड़ी टिप्पणी आई।

मनोज तिवारी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'गौतम गंभीर एक पाखंडी हैं। वह जो कहते हैं, वह करते नहीं हैं। गेंदबाजी कोच का क्या फायदा? कोच जो भी कहेगा, वह माना जाएगा। मोर्ने मोर्कल लखनऊ सुपर जायंट्स से आए थे। अभिषेक नायर गंभीर के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स में थे और भारतीय मुख्य कोच जानते हैं कि वह उनके निर्देशों के खिलाफ नहीं जाएंगे।'

इस बयान तीन दिन बाद तिवारी ने आकाश चोपड़ा की वीडियो में अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्होंने केवल वही कहा जो उन्हें सही लगा। मनोज तिवारी ने कहा, 'मैं अपने कोचिंग सेंटर में था, अभ्यास के बाद वहीं बैठा था। स्थानीय मीडिया मेरा साक्षात्कार लेने के लिए वहां आया था। हमने 20-25 मिनट तक बात की और आप जानते हैं कि जब ये लोग [मीडिया] साक्षात्कार लेते हैं, तो वे कार्यालय में वापस जाते हैं और इसे एडिट करते हैं - जो भी सुविधाजनक होगा, जो उन्हें लगता है कि आवश्यक है उसे रखा जाएगा। वे जो भी मांग होगी उसे रखने की कोशिश करेंगे।'

उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि उन्होंने 20 मिनट का इंटरव्यू नहीं देखा होगा। और ये चार-पांच लाइनें जो मेरे इंटरव्यू से निकलीं, उन्होंने शायद बस यही देखी होंगी। मैं बस यह स्पष्ट करना चाहता हूं। मैं आकाश को पसंद करता हूं, उनका सम्मान करता हूं, [वे] अपनी ईमानदार राय देते हैं। मुझे लगता है कि इसे स्पष्ट करना जरूरी है।'

## विराट और रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए : कपिल देव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने कहा कि ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली 9 पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके और बार बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े यहां और खराब रहे और वह तीन मैचों की पांच पारियों में महज 31 रन ही बना सके। वह खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट मैच से बाहर थे। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में 'सुपटस्टार' संस्कृति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है।

भारत के पूर्व महान खिलाड़ी कपिल देव से जब इन खिलाड़ियों के भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिए।' रोहित की जगह टीम में कप्तान के दावेदारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए, जो मौजूदा कप्तान है वह भी किसी की जगह आए थे। जो भी कप्तान हो उसे पूरा समय मिलना चाहिए।'

भारतीय टीम को इस दौरे पर बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों ने भी निराश किया। जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावित करने में विफल रहा। बुमराह भी पांचवें टेस्ट में चोटिल होने के कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके जिससे ऑस्ट्रेलिया के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना काफी आसान हो गया। बुमराह ने इस दौरे पर लगभग 150 ओवर गेंदबाजी कर 32 विकेट झटके।

## भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 116 रनों से हराया

**राजकोट (एजेंसी)।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (102), हरलीन देओल (89), कप्तान स्मृति मंधाना (73), प्रतिका रावल (67) की शानदार बल्लेबाजी के बाद दीप्ति शर्मा( तीन विकेट ) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 116 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

370 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठवें ही ओवर में कप्तान गैबी लुईस (12) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने सारा फोर्ब्स के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सारा फोर्ब्स (38) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 27वें ओवर में प्रिया मिश्रा ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (तीन) को आउट किया। 41वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रही क्रिस्टिना कुल्टर रीली को तितास साधु ने बोल्ड कर पवेलियन भेजा। क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने 113 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए (80) रनों की जूझारु पारी खेली। 42वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने लॉरा डेलेनी (32) को पगबाधा आउट किया। अवा कैनिंग (11) को प्रिया मिश्रा ने आउट किया। ली पॉल (27) और जॉर्जिना डेम्पसी (छह) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे आयरलैंड की टीम निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 254 रन ही बना सकी और 116 रनों से मुकाबला हार गई।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा को तीन विकेट मिले। प्रिया मिश्रा ने दो विकेट लिये। तितास साधु और सायली सातघरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े। 19वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना ने 54 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (73) रन बनाये। अगले ही ओवर में जॉर्जिना डेम्पसी ने प्रतिका रावल को आउट कर पवेलियन भेज दिया। रावल ने 61 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (67) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हरलीन देओल और जेमिमाह रॉड्रिग्स की जोड़ी ने एक बार फिर आयरलैंड के गेंदबाजों की धुनाई शुरु कर दी। 48वें ओवर में आर्लीन केली ने हरलीन देओल को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल ने 84 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए (89)रन बनाये। वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 91 गेंदों में 12 चौके लगाते हुये (102) रनों की शतकीय पारी खेली। ऋचा घोष (10) रन बनाकर आउट हुई। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 370 रनों बनाकर एकदिवसीय में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया।


आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली ने दो-दो विकेट लिये। जॉर्जिना डेम्पसी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## पूर्व क्रिकेटर बोला, डब्लयूटीसी फाइनल में नहीं होगा तेज गेंदबाजों को लाभ

जोहांबर्ग ।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने कहा है कि लॉडर्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों को कोई ज्यादा लाभ नहीं होगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 11 से 15 जून तक खेला जाएगा। रोड्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों को इसलिए कोई फायदा नहीं है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पहले से ही तेज गेंदबाजों को खेलने की आदत है। उनके पास भी काफी अच्छे तेज गेंदबाज है जिनका सामना दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं नहीं कहूंगा कि हमें कोई फायदा मिलने वाला है। हालांकि इस पूर्व क्रिकेट ने माना है कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने डब्लयूटीसी चक्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। कैगिसो रबाडा ने 8 मैचों में 37 और मार्को जानसेन ने 7 मैचों में 29 विकेट लिए थे। रोड्स का मानना है कि अभी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट का ग्राफ ऊपर की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफलता से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत में बतौर खिलाड़ी और कोच देखा है कि कैसे सफलता से खेल की लोकप्रियता बढ़ती है।

## नीरज भारत में भाला फेंक प्रतियोगिता में शामिल होने शीर्ष एथलीटों से बात करेंगे



मुंबई ।ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा भारत में एक कॉन्टिनेंटल टूर भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्व के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। ये भाला फेंक स्पर्धा इस साल मई में होने की संभावना है।इसके लिए अभी तक आयोजन स्थल तय नहीं किया गया है। विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से मिलकर इस इवेंट का आयोजन करेंगे। इसमें आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्व भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस आयोजन को लेकर नीरज ने कहा, शुरुआत से ही वह देश में एक विश्व स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित करना चाहते थे। अब जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सहायता से उनका ये सपना पूरा हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि मेरे साथी एथलीट और भारत में प्रशंसकों दोनों को ही इससे एक नया अनुभव होगा। अब देखना है कि ये आयोजन कितना बड़ा होता है।' नीरज और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस आयोजन को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में एक वार्षिक कार्यक्रम बनाने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें इस स्पर्धा में और अधिक ट्रैक और फ़ील्ड विषयों को जोड़ने पर ध्यान दिया गया है। वहीं इसी को लेकर जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, मैं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया को भारत में एक विश्व स्तरीय स्पर्धा लाने का यह शानदार अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने साथ ही कहा कि हमारा ध्यान स्टार खिलाड़ियों वाली लाइन-अप के अलावा, ध्यान एक ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने पर होगा जो प्रौद्योगिकी का उपयोग करके दर्शकों के अनुभव को और बेहतर बनाएंगे।

## इंडिया ओपन - भारत ने सबसे बड़ा दल उतारा, सात्विक और चिराग पर नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सितारों से सजे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है लेकिन नजरें कुछ जाने पहचाने नामों खासकर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों को पिछले दो सत्रों से इस टूर्नामेंट में सफलता नहीं मिली है।

भारत का 21 सदस्यीय दल इस कमी को पूरा करने के साथ छह महीने पहले पेरिस ओलंपिक में खराब प्रदर्शन के बाद अपनी गलतियों को सुधारने के इरादे से उतरेगा। भारत को सात्विक और चिराग से काफी अपेक्षाएं हैं चूंकि दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की।

टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरूष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद चिराग और सात्विक पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा। उन्हें चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक, डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी।



इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शामिल है। सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे। सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा। वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था।

सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे। यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा। पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एच एस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा। इसमें जीतने पर उनकी टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हो सकती है।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में केडी जाधव इंडोर हॉल में होने वाले टूर्नामेंट में ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन, अन सी यंग और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी शि युकी जैसे धुरंधर दौड़ में हैं। भारतीयों में प्रियांशु राजावतको पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नाराओका से जबकि मालविका बंसोड को तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की युइ हान से खेलना है। आकर्षि कश्यप का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। महिला युगल में भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर जापान की अरिसा इगाराशी और अयाको साकुरामोतो से होगी। वहीं तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना ब्रिटेन की चोले कोने और एस्टेले वान लीयुवेन से होगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी तक रोहित को ही कप्तान बनाये रखना चाहती है बीसीसीआई : रिपोर्ट

**-भविष्य में बुमराह को मिल सकती है जिम्मेदारी**



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाये रखना चाहता है। एक रिपार्ट के अनुसार बोर्ड का मानना है कि टूर्नामेंट के ठीक पहले कोई बड़ा बदलाव करना ठीक नहीं है। वहीं भविष्य के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का अगला कप्तान बनाया जा सकता है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम को मिश्रित परिणाम मिले हैं। इसमें साल 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान घरेलू मैदान पर लगातार 10 मैचों की जीत भी शामिल है। इसके अलावा उसे टी20 विश्वप में जीत मिली। उनकी कप्तानी में ही टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में भी पहुंची हालांकि वहां उसे हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर उसे 3-0 से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। रोहित के लिए इस साल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में रोहित ने आठ मैचों और 15 पारियों में 10.93 की औसत से केवल 164 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 52 रहा। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान वह तीन टेस्ट मैचों में केवल 31 रन ही बना सके जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 10 रहा। इस साल की शुरुआत से ही रोहित की कप्तानी में टीम छह मैच हारी है। इसमें चार मैच धरेलू धरती पर हुए थे। इससे साफ है कि कप्तान के रूप में रोहित का टेस्ट रिकॉर्ड खराब हुआ है। उसे 12 मैचों में जीत जबकि 9 में हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीन मुकाबले ड्रॉ रहे। वहीं दूसरी ओर बुमराह ने अब तक तीन टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए उसे एक में जीत दिलायी है। एक जीता और दो हारे हैं। अब जबकि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी खेलने है और उसमें देखना होगा कि भारतीय टीम को प्रदर्शन कैसा रहता है। रोहित कप्तानी बरकरार रहने पर ये टूर्नामेंट जीतना चाहेंगे। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी जबकि उसका मुकाबला पाकिस्तान से 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

## एलेक्स मिशेलसन ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में किया उलटफेर, सितसिपास को हराया



मेलबर्न। अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी स्टेफोनोस सितसिपास को हराकर टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। आज यहां मिशेलसन ने दो घंटे और 43 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के स्टेफोनोस सितसिपास को 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। ग्रैंड स्लैम में शीर्ष-20 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिशेलसन की यह पहली जीत है। उन्होंने मैच के दौरान निर्भिक रणनीति के तहत शक्तिशाली सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक लगाए। मैच के बाद मिशेलसन ने कहा, 'मैंने स्वयं को शांत रखने का प्रयास किया। मुझे मालूम था कि यह एक कठिन मुकाबला होगा, और मैं बहुत खुश हूं कि मैं इसे जीत सका। यह सब आपकी मानसिकता पर निर्भर करता है। मैंने सही मानसिकता के साथ प्रदर्शन किया और अपनी रणनीति पर सही तरीके से अमल किया।'

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम घोषित , बावुमा होंगे कप्तान

### -नॉर्टजे और एनगिडी की हुई वापसी

जोहांसबर्ग ।दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह शुरु होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा करेंगे। टीम में तेज गेंदबाजी जोड़ी एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी को भी शामिल किया गया है। ये पिछले कुछ समय से फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर थे। दक्षिण अफ्रीका को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ग्रुप बी में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ रखा गया है। नॉर्टजे और एनगिडी अब अपनी चोटों से पूरी तरह से उबर गये हैं। इस टीम में टोनी डी जोरजी, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर को भी शामिल किया गया है।

हेड कोच रॉब वाल्टर ने टीम को लेकर उत्साहित होते हुए कहा, इस टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें शामिल कई पूर्व खिलाड़ियों ने दबाव के हालातों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस तरह के टूर्नामेंट में इस तरह का अनुभव अमूल्य है। इसमें 2023 विश्व कप टीम के कई खिलाड़ी और साथ ही नई प्रतिभाएं भी हैं। टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में प्रमुख इमरान खान सहायक स्टाफ में शामिल होंगे। वाल्टर ने कहा, हम इमरान के हमारे सहायक स्टाफ में शामिल होने का भी इंतजार कर रहे हैं। हम अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने और एक इकाई के रूप में सुधार जारी रखने के लिए वह एक बड़ी संपत्ति होंगे। दक्षिण अफ्रीका को इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ कराची में खेलना है। इससे पहले 15 फरवरी को उसका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम :** टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और रासी वैन डेर डुसेन।

## शादी के बाद फाइट के लिए तैयार पीवी सिंधू, बोली- मुझ में जीत की भूख बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के अनुभवी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा की देखरेख में अभ्यास शुरू करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने कहा कि करियर के इस चरण में उनके पास सफलता हासिल करने के लिए अभी काफी जज्बा बाकी है। हैदराबाद की इस 29 साल की पूर्व विश्व चैंपियन ने पिछले दो साल में कई कोच के साथ काम किया है लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। इसमें पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से विफल रहना भी शामिल है।

पिछले महीने अपनी शादी के बाद मलेशिया ओपन से चूकने के बाद इंडिया ओपन सुपर 750 में वापसी करने वाली सिंधू ने कोच इरवानस्याह की देख-रेख में अभ्यास शुरू कर दिया। इंडोनेशिया के इस कोच को जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी गिंटिंग जैसे पुरुष एकल खिलाड़ियों के करियर को संवारने का श्रेय दिया जाता है। सिंधू ने इंडिया ओपन की पूर्व संध्या पर कहा कि मैं अभी बेंगलुरु में कोच इरवानस्याह के देखरेख अभ्यास कर रही हूं। अभी डेढ़ सप्ताह ही हुए हैं। मूल रूप से वह महिला एकल कोच हैं और साथ ही वह कुछ युवा लड़कों को भी प्रशिक्षित कर रहे हैं। मैं उनके साथ काम जारी रखना चाहती हूं।

उन्होंने कहा कि कोच और खिलाड़ी के बीच समझ काफी अहम होती है। इसमें समय लगेगा। हमें एक-दूसरे की सोच को समझने के लिए कुछ अभ्यास सत्रों की आवश्यकता होगी। भारत की इस शीर्ष महिला खिलाड़ी ने कहा कि मैंने उसके बारे में बहुत कुछ सुना है और मुझे लगा कि वह मेरे लिए सही कोच है। जिस तरह से वह प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को लेकर जिस तरह से योजना बनाते हैं वह शानदार है।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# कैंसर के इलाज के बीच सीरीज करने पर बोलीं हिना खान

एक्ट्रेस हिना खान उर्फ शेर खान टीवी, फिल्म में मजबूत किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं। अपनी अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। अभिनेत्री असल जिंदगी में भी एक फाइटर हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी बीमारी से जंग लड़ रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री गृह लक्ष्मी सीरीज में भी नजर आने वाली हैं। अब हाल ही में, हिना ने कैंसर की बीमारी के इलाज के बीच काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

### मजबूती से खड़ी हैं हिना खान

हिना खान को अपने थर्ड स्टेज कैंसर का पता चलने के बाद जल्द ही एक साल होने वाला है और अभिनेत्री का कहना है कि 2024 और 2025 के बीच का अंतर यह है कि वह केवल मजबूत हुई हैं। एक्ट्रेस ने कहा, मैं अब भी वही हिना हूं। पुरानी हिना भी साहसी और मजबूत थी और यह हिना भी बहुत मजबूत और साहसी है और सच में अब वह बहुत मजबूत हो गई है।

### बीमारी को कॉमन करने का किया पूरा प्रयास

हिना ने आगे कहा, मैंने अपनी इस पूरी जर्नी के दौरान काम किया है। मैंने कैंसर की बीमारी को कॉमन करने का पूरा प्रयास किया है। जब से मेरी कीमोथेरेपी शुरू हुई है तब से मैं काम कर रही हूं, शूटिंग कर रही हूं, यात्रा कर रहा हूं और डबिंग पूरी कर चुकी हूं। मैंने अपना रैंप वॉक किया। यही नहीं मैंने इंटरव्यूज तक दिए हैं। अगर मेरा शरीर अनुमति देता है, तो मैं काम करूंगी।

### फैंस का किया शुक्रिया अदा

सोशल मीडिया पर फैंस के मिल रहे फैंस के प्यार को लेकर हिना ने कहा, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि लोग इस तरह से प्रतिक्रिया देंगे या अपना प्यार बरसाएंगे। और, सिर्फ प्यार ही नहीं। जिस तरह से लोगों ने मेरे लिए प्रार्थना की। मैं सच में काफी इमोशनल हो गई थी।

बता दें कि गृह लक्ष्मी में हिना के अलावा चंकी पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राहुल देव, हरीश, अभिषेक वर्मा, अंकित भाटिया और कुंज आनंद भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सात-एपिसोड की सीरीज रुमान किदवई द्वारा निर्देशित और कौशिक इजारदार द्वारा निर्मित है।



# केआरके की आलोचना से परेशान उर्वशी, 'दबिड़ी दीबिड़ी' को वल्गर कहने पर बोलीं

उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म डाकू महाराज के गाने 'दबिड़ी दीबिड़ी' को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। सोशल मीडिया पर गाने के स्टेप्स की काफी आलोचना हो रही है। इसी क्रम में केआरके ने भी गाने के स्टेप्स को काफी वल्गर बताया था। अब उर्वशी रौतेला ने केआरके की ट्रोलिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

### केआरके ने गाने को बताया था अश्लील

केआरके ने गाने को ट्रोल करते हुए कहा कि उर्वशी को ऐसे अश्लील डांस स्टेप्स करने के लिए शर्म आनी चाहिए। एक्स पर उनके पोस्ट में लिखा था, तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के लोगों को ऐसे अश्लील गाने शूट करने में शर्म नहीं आती? तो बेहतर है कि एडल्ट फिल्में बनाना शुरू कर दें। उर्वशी को भी ऐसे गाने करने के लिए शर्म आनी चाहिए।

### उर्वशी ने दिया मुंहतोड़ जवाब

उर्वशी ने केआरके पर निशाना साधते हुए लिखा, यह दुख की बात है कि कुछ लोग जिन्होंने कुछ हासिल नहीं किया, वे उन लोगों की आलोचना करने के हकदार महसूस करते हैं, जो अपने काम को लेकर काफी मेहनत करते हैं। असली शक्ति दूसरों को गिराने में नहीं है, बल्कि उन्हें ऊपर उठाने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में है।

### सोशल मीडिया पर भी हुई थी आलोचना

सोशल मीडिया पर लोगों ने इस जोड़ी के बीच उम्र के अंतर को लेकर भी आलोचना की है। 64 साल के अभिनेता-राजनेता एनबीके 30 साल की उर्वशी के साथ यह डांस कर रहे हैं। 'दबिड़ी दीबिड़ी' को शेखर मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है। निर्माताओं ने अभी तक आलोचना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### इस दिन होगी रिलीज

डाकू महाराज में बॉबी देओल, प्रज्ञा जयसवाल, श्रद्धा श्रीनाथ और चंदिनी चौधरी भी शामिल हैं। बॉबी कोल्ली की लिखित और निर्देशित यह फिल्म 12 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है।




# मुझे पसंद नहीं कोई मुझे ज्यादा तवज्जो दे

'ग्रीक गॉड' के नाम से मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन आज अपने 51वें जन्मदिन का जश्न मना रहे हैं। अभिनेता ने अपनी अपकमिंग डॉक्यूमेंट्री के अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीवन से जुड़े कुछ अटपटे वाकयों का जिक्र किया। ये भी कहा कि उनको कोई ज्यादा तवज्जो दे ये पसंद नहीं। अभिनेता ने कहा, जब मैंने यह डॉक्यूमेंट्री देखी तो मैं बिल्कुल हैरान रह गया। इसे इतनी खूबसूरती से निर्देशित किया गया है। अभिनेता ने बताया कि वह अपने दादा से कभी नहीं मिले।

उन्होंने डॉक्यूमेंट्री को शानदार बताते हुए कहा, मुझे आश्चर्य है कि मुझे जादुई तरीके से उनसे बात करने का मौका मिलेगा। डॉक्यूमेंट्री देखने के बाद मैं वास्तव में उनसे उनके बचपन के बारे में पूछना चाहूंगा कि उन्होंने क्या-क्या झेला, मुझे आश्चर्य है कि वह मुझसे क्या पूछेंगे। मुझे लगता है कि वह मुझसे पूछ सकते हैं कि क्या मैं खुश हूं? अभिनेता ने साल 2000 में रिलीज हुई पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' को अपनी प्रेरणा बताया। अभिनेता ने कहा, मैं उनका शुक्रिया अदा करूंगा क्योंकि मैं अक्सर सोचता हूं कि जब मैं अपनी पहली फिल्म कर रहा था तो मेरे अंदर क्या प्रेरणा थी। वह क्या थी? यह कहां से आया? इसका सबसे आसान जवाब यह है कि यह पहले से ही मेरी जीन में था और यही आगे बढ़ता गया। ऋतिक रोशन को उनके आकर्षक लुक के कारण बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि उन्हें ध्यान आकर्षित करना पसंद नहीं है। अभिनेता ने कहा, जब मेरे डैड ने कहा कि वह यह डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहते हैं, तो मुझे अजीब लग रहा था। मुझे ध्यान आकर्षित कराना पसंद नहीं है और फिर मुझे यह एहसास हुआ कि यह मेरे बारे में नहीं है। यह इतिहास के बारे में है और इतिहास महत्वपूर्ण है। यह मेरे पूर्वजों, मेरे मॉम-डैड, मेरे दादा, मेरे चाचा के बारे में है।

# शाहरुख खान ने मैडॉक फिल्म्स की फिल्म 'चामुंडा' को ठुकराया



शाहरुख खान ने दिनेश विजान की फिल्म 'चामुंडा' का ऑफर ठुकरा दिया है। शाहरुख को 'चामुंडा' में मुख्य भूमिका की पेशकश की गई थी। कुछ दिनों पहले कहा जा रहा था कि शाहरुख खान मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी का हिस्सा बनने जा रहे हैं। मैडॉक ने शाहरुख खान को जो सब्जेक्ट ऑफर किए थे, उनमें से एक 'चामुंडा' थी, जिसे 2026 में रिलीज किया जाना है। हालांकि, अब किंग खान ने इस फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया है। अमर कौशिक के निर्देशन में, मैडॉक शाहरुख खान को आलिया भट्ट के साथ 'चामुंडा' के लिए कास्ट करना चाहता था। हालांकि, चीजें उनके मुताबिक नहीं हुईं। एक सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया शाहरुख खान पहले से बने यूनिवर्स में शामिल नहीं होना चाहते थे। इसके बजाय मैडॉक और अमर कौशिक के साथ एक नई दुनिया शुरू करना चाहते थे। उन्होंने दोनों से कुछ नया लेकर आने और पहले कभी ना की गई शैली को तलाशने के लिए कहा है। दोनों अब 'चामुंडा' के लिए नए नाम की तलाश कर रहे हैं और कुछ सालों में शाहरुख खान के साथ मिलकर कुछ नया करने की उम्मीद है।



# फिर से छाएगा आशिकी 2 जैसा जादू, क्या रोमांटिक फिल्म में साथ नजर आएंगे श्रद्धा कपूर-आदित्य?

श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड की सबसे मशहूर ऑनस्क्रीन जोड़ियों में से एक हैं। उनकी फिल्में आशिकी 2 और ओके जानू ने उनकी जादुई रोमांटिक केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीता। कथित तौर पर श्रद्धा और आदित्य एक रोमांटिक फिल्म के लिए फिर से साथ आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक बार फिर से श्रद्धा कपूर और आदित्या रॉय कपूर की रोमांटिक जोड़ी साथ नजर आ सकती है। जानकारी के अनुसार, दोनों स्टार्स मोहित सूरी की अगली फिल्म के लिए साथ आ सकते हैं। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी। बहरहाल, मोहित सूरी और उनकी क्रिएटिव टीम द्वारा कहानी और स्क्रीनप्ले पर काम किया जा रहा है। हो सकता है कि आने वाले हफ्तों में फिल्म की आधिकारिक घोषणा भी की जा सकती है।

### दर्शकों को पसंद है श्रद्धा-आदित्य की जोड़ी

श्रद्धा और आदित्य के प्रशंसक उन्हें एक बार फिर किसी फिल्म में साथ देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनके एक साथ पिछली फिल्मों की बात करें तो आशिकी 2 एक बड़ी सफलता थी। मोहित सूरी निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों ने अपनी प्रेम कहानी, अभिनय और खास तौर पर संगीत के लिए पसंद किया था। इसके गाने आज भी लोकप्रिय हैं। 2017 में श्रद्धा और आदित्य ने रोमांटिक ड्रामा ओके जानू में भी काम किया है। शाद अली द्वारा निर्देशित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी नहीं चली, लेकिन श्रद्धा-आदित्य की जोड़ी सभी को पसंद आई। श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर अपने-अपने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। श्रद्धा को आखिरी बार हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 में देखा गया था।

# वामिका ने भूत बंगला के लिए शुरू की शूटिंग



**अभिनेत्री वामिका गब्बी अक्षय कुमार की भूत बंगला के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। वामिका इस फिल्म की शूटिंग के लिए जयपुर पहुंच गई हैं। उन्होंने सेट से अपना पहला लुक भी साझा किया है। वामिका ने अपना चेहरा कवर कर रखा है।**

### साझा किए बीटीएस मोमेंट्स

पहले ही खबरें आ चुकी हैं कि वामिका अक्षय कुमार की भूत बंगला में नजर आने वाली हैं। सेट से अब वामिका ने अपने बीटीएस मोमेंट्स शेयर किए हैं। उन्होंने लिखा कि ये नहीं चाहते कि मैं अपना लुक नहीं दिखाउंगी।

### फिल्म में नजर आएंगी तब्बू



जयपुर शेड्यूल में शहर के प्रतिष्ठित स्थानों पर कई आउटडोर शूटिंग शामिल होने की उम्मीद है। अगर ऐसा होता है तो तब्बू करीब 13 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के साथ इस फिल्म में काम करेंगी। इससे पहले दोनों ने साल 2000 में एक साथ फिल्म हेरा फेरी में काम किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा तब्बू, परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी नजर आएंगे। फिल्म भूत बंगला की शूटिंग लगातार जारी है। हो सकता है कि फिल्म की शूटिंग अप्रैल, 2025 तक खत्म हो जाएगी।

### साल 2026 में रिलीज होगी फिल्म

प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित, भूत बंगला का निर्माण शोभा कपूर और एकता आर कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स द्वारा किया गया है। फिल्म का सह-निर्माण फारा शेख और वेदांत बाली ने किया है। कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है और पटकथा रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने लिखी है। संवाद रोहन शंकर के हैं। भूत बंगला 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# कंगना रनौत ने बॉलीवुड के बड़े निर्देशकों पर साधा निशाना

**कंगना रनौत फिल्म इमरजेंसी में भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री की भूमिका में नजर आएंगी। इजरजेंसी में कंगना ने अभिनय के साथ ही निर्देशन भी किया है। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड निर्देशकों पर अपनी निराशा व्यक्त की और कहा कि अगर इंडस्ट्री में अच्छे फिल्म निर्माता होते तो उन्हें अपनी फिल्मों का निर्देशन नहीं करना पड़ता।**

कंगना ने बॉलीवुड के बड़े निर्देशकों पर ताना कसते हुए कहा कि जिस तरह से वे महिला किरदारों के साथ व्यवहार करते हैं वह अत्याचारी है। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, उन्होंने साउथ की फिल्मों में महिला नायक को जिस तरह से दिखाया किया जाता है, उससे भी अपनी निराशा व्यक्त की और कहा कि वह उनकी जगह नहीं बनना चाहतीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान, कंगना रनौत ने कहा, मैं अपने आस-पास के निर्देशकों से निराश हूं।अगर हमारे पास अच्छे निर्देशक होते, तो मुझे खुद निर्देशन करने की जरूरत नहीं पड़ती। यह किसी का अपमान करने के लिए नहीं है, लेकिन पूरी ईमानदारी से, अगर आपको लगता है कि कोई ड्रीम डायरेक्टर है ,जिसके साथ मैं काम करना चाहती हूं, तो ऐसा कोई नहीं है।

कंगना ने आगे कहा पिछले पांच सालों से मेरा यही मामला रहा है। खासकर वे जो बड़ी फिल्में बना रहे हैं, जिनमें महिला किरदारों के साथ व्यवहार करते हैं, वह दूसरे स्तर पर अत्याचारी है। फिल्म इंडस्ट्री में एक भी ऐसा निर्देशक नहीं है जिसके साथ वह काम करना चाहती हों। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंगना ने इंटरव्यू में आगे कहा, चाहे क्वीन हो, तनु वेड्स मनु हो या फिर मेरे शुरुआती सालों में मैंने गैंगस्टर, फैशन जैसी फिल्में की हों। इन सभी फिल्मों में मेरे सभी निर्देशक नए थे। मैंने कभी किसी खान की फिल्म या यशराज की फिल्म में काम नहीं किया। कंगना ने कहा, मैं निर्देशकों, लेखकों से बहुत निराश रही हूं और मैंने सोचा बस अब बहुत हो गया। मैं कुछ करूंगी और खुद ही करूंगी। यह बहुत अच्छा रहा है।

# जिगरा के फ्लॉप होने को एक सबक के तौर पर लिया



आलिया भट्ट और वेदांग रैना की फिल्म जिगरा बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर सकी थी। फिल्म के फ्लॉप होने की जिम्मेदारी निर्देशक वसन बाला ने खुद ली थी। हालांकि, आलिया भट्ट के छोटे भाई का किरदार निभा रहे वेदांग रैना इस फिल्म के फ्लॉप होने के बाद बुरी तरह टूट गए थे। उन्होंने फिल्म को लेकर कहा कि ये कुछ ऐसा था, जिस पर मैंने बहुत विश्वास किया था।

एक इंटरव्यू में वेदांगा रैना ने कहा कि फिल्म जिगरा ने उन पर और उनके करियर पर बहुत असर डाला। उन्होंने पूरी टीम के प्रति अपनी सहानुभूति भी व्यक्त की, उनकी कड़ी मेहनत को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की असफलता को उन्होंने एक सीख की तरह लिया।

### वेदांग रैना ने की करियर की बात

वेदांग ने कहा, जिगरा फिल्म के निर्माण के दौरान उनके पास कोई विशेष करियर योजना नहीं थी। उन्होंने इसे द आर्चीज के बाद एक महत्वपूर्ण अवसर माना और फिल्म के लिए अपना शानदार प्रदर्शन किया था।